• जयपुर, बुधवार, 10 जुलाई 24 • वर्ष 13 • अंक 312 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ली...

पेज @4 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ऐतिहासिक होगा राजस्थान....

पेज @8 » आईएचएफ हैंडबॉल ट्रॉफी यूथ व जूनियर आज से जयपुर में....

## एक नजर

### टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन आज से रहेगी रद्द

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 10, 12 और 14 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल पुरुलिया कोटशिला मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल गुंडा बिहार मूरी होकर चलेगी। वहीं, दक्षिण रेलवे में ब्लॉक की वजह से ट्रेन संख्या 13352 अलपुझा धनबाद एक्सप्रेस 9, 10, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28 और 30 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पोत्तनूर इरुगूर सुरतकल होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का कोयंबटूर स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। परिवर्तित मार्ग में पोत्तनूर स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव होगा।

### बेगूसराय में सड़क हादसा, 5 की मौत, 2 की हालत गंभीर

**पटना।** बेगूसराय जिले के बीहट गांव के रतन चौक के पास मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। यह हादसा कार और ऑटो की टक्कर से हुआ। यह टक्कर इतनी जोरदार रही कि ऑटो सवार 11 लोगों में से पांच की जान चली गई। कार सवार तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक पांच लोग हाथीदह जंक्शन से बेगूसराय के लिए ऑटो से निकले थे। राष्ट्रीय उच्च पथ मर्ग-31 फोरलेन पर बीहट रतन चौक के पास कार और ऑटो में यह टक्कर सुबह 05.30 बजे हुई।

### हाथरस भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। आज याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की। चीफ जस्टिस ने इस पर जल्द सुनवाई का आदेश दिया। याचिका में 2 जुलाई को हाथरस में हुई घटना की जांच की मांग करते हुए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों और अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में इस घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यों की कमेटी बनाए जाने की मांग करते हुए इस मामले में यूपी सरकार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने की मांग की गई है।

---

**शिखर वार्ता में बोले पीएम : भारत-रूस सहयोग से किसानों, उपभोक्ताओं को राहत और विश्व अर्थव्यवस्था में आई स्थिरता**

# युद्ध समाधान नहीं, शांति सर्वोपरि-आतंक का दर्द हम जानते हैं : मोदी

● 40-50 वर्षों से आतंकवाद को झेल रहा है भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्रेमलिन में शिखरवार्ता के दौरान कहा कि ऊर्जा, खाद्य पदार्थ और ऊर्वरक आदि मामलों में दोनों देशों के बीच सहयोग के कारण भारत में इन पदार्थों की किल्लत नहीं हुई तथा रूस से कच्चे तेल के आयात के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में भी स्थायित्व कायम हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दो दिवसीय मास्को यात्रा के दूसरे दिन राष्ट्रपति पुतिन के साथ अकेले और बाद में प्रतिनिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय और वैश्विक मामलों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आतंकवाद के ताजा खतरे का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 40-50 वर्षों से भारत आतंकवाद को झेल रहा है। आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना होता है, उसे हम जानते हैं। मॉस्को और



दागिस्तान में हुई आतंकवादी घटनाओं की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस दर्द को समझते हैं।

यूक्रेन संघर्ष की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के मैदान में अक्सर समस्याओं का समाधान नहीं होता। हथियारों के जरिये शांति और समाधान कायम नहीं होता बल्कि विचार-विमर्श से ऐसा संभव है। मोदी ने यूक्रेन की राजधानी कीव में एक बच्चों के अस्पताल पर हुए हवाई हमले की ओर संकेत करते हुए कहा कि मानवता में विश्वास करने वाले हर व्यक्ति को जान-माल के नुकसान से दुख होता है। जब निर्दोष बच्चे इसका शिकार बनते हैं तो दुख और भी गहरा हो जाता है। इस संबंध में उन्होंने व्लादिमीर पुतिन का ध्यान आकर्षित कराया है। एक मित्र के रूप में मेरा मानना है कि सुखद भविष्य के लिए शांति सर्वोपरि है। यूक्रेन के संघर्ष में भारत की नीति को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांति के पक्ष में खड़ा है तथा संघर्ष के संबंध में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यूक्रेन संघर्ष के समाधान के प्रति वे आशावान है।

### रूस से मिले सहयोग का किया जिक्र

मोदी ने भारत के मेक इन इंडिया अभियान में रूस से मिले सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भारत में रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग से भारत के किसानों और उपभोक्ताओं का बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान रूस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है तथा लोग इसकी अलग-अलग तरीके से व्याख्या कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि ये कार्यकाल हमारे संबंधों को और गहरा व घनिष्ठ बनाएगा। हम नई-नई उपलब्धियों को लेकर आगे बढ़ेंगे।'

---

# कठुआ आतंकी हमले में शहीद हुए 5 जवान उत्तराखंड के, सीएम धामी ने जताया दुख

**देहरादून/एजेंसी।**

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शहीद पांच जवान सभी उत्तराखंड के थे। सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, नायक विनोद सिंह आतंकी हमले में शहीद हो गए। इन जवानों की शहादत के बाद पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है, साथ ही शहीदों के घरों में मातम छा गया है। उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा दुख जताया है।

शहीद होने वालों में टिहरी जिले के 26 वर्षीय राइफलमैन आदेश नेगी ने इतनी कम उम्र में देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इसके साथ ही सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, नायक विनोद सिंह भी शहीद हो गए।

सोमवार को जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के माचेडी इलाके में सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर कुछ आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। इस आतंकवादियों के हमले में जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) समेत पांच जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस आतंकी घटना पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि कठुआ (जम्मू कश्मीर) में सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले में पांच जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। इस कायरतापूर्ण हमले की निंदा करता हूं और पूर्ण विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मानवता के



## कठुआ आतंकी हमला : राजनाथ सिंह ने कहा, शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है राष्ट्र

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

जम्मू कश्मीर में हुए एक आतंकवादी हमले में भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए। यह वारदात तब हुई जब आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवादी हमले में जवानों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने इन वीर जवानों के परिवारों को भरोसा दिलाया कि पूरा राष्ट्र उनके साथ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, बदनोटा, कठुआ (जम्मू-कश्मीर) में



एक आतंकवादी हमले में हमारे पांच बहादुर भारतीय सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है। रक्षा मंत्री ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद विरोधी मिशन पर कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं और हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले में घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार को आतंकियों ने भारतीय सेना की गाड़ी पर घात लगाकर हमला किया था। इस आतंकी हमले में सेना के 5 जवान शहीद हो गए और पांच अन्य जवान जख्मी भी हुए हैं। घायल सैनिकों को सेना के अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर की फायरिंग

**जम्मू/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना ने एक पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की। घटना सोमवार शाम को हुई। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि ड्रोन भारतीय क्षेत्र में मंडरा रहा था, लेकिन बाद में उसे वापस लौटना पड़ा। अधिकारियों ने बताया, एलओसी की सुरक्षा कर रहे सेना के जवानों ने कल रात करीब 9.15 बजे 1,000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर एक पाकिस्तानी ड्रोन की हरकत देखी और उस पर पांच राउंड फायरिंग की, जिससे वह वापस लौट गया। अधिकारियों ने आगे बताया कि आधे घंटे से अधिक समय बाद, एक पाकिस्तानी ड्रोन को फिर से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते देखा गया और उस पर दो और राउंड फायर किए गए, जिसके बाद वह भी वापस चला गया। अधिकारियों ने कहा, सेना ने आज सुबह सीमा के पास के गांवों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन ने कोई हथियार या नशीला पदार्थ तो नहीं गिराया है।

### कठुआ में आतंकी हमले के बाद जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर सुरक्षा कड़ी

**जम्मू/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी हमले के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। सोमवार को कठुआ के बदनोटा इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे। आतंकवादियों की तलाश के लिए इलाके में तुरंत एक बड़ा सीएएसओ (घेराबंदी और तलाशी अभियान) शुरू किया गया। सीएएसओ में लगे सुरक्षा बलों की ताकत बढ़ाने के लिए सेना के शीर्ष पैरा कमांडो को इलाके में हवाई मार्ग से उतारा गया। जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर किसी भी आतंकी हमले को रोकने के लिए रियासी, उधमपुर और रामबन जिलों में राजमार्ग पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को पर्याप्त संख्या में तैनात किया गया है।

---

**पीएम का रूस दौरा** | **पीएम मोदी ने रूस की राजधानी मास्को में भारतवंशियों को किया संबोधित**

# दुनिया के लोग कहते हैं भारत बदल रहा है : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस की राजधानी मास्को में भारतवंशियों के बीच कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। इसे देखकर दुनिया भी कहने लगी है कि भारत बदल रहा है। तीसरे कार्यकाल में विकास की इस गति को तीन गुना बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने मास्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया है। उन्होंने कहा, 'भारत को हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी करने में केवल एक दशक लगा। भारत को 40 हजार किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण करने में केवल एक दशक लगा। इससे दुनिया को





हमारे देश की क्षमता का एहसास होता है। इससे दुनिया को विश्वास होता है कि 'भारत बदल रहा है'। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को मास्को में भारतीय समुदाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद रूस की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा में प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के सामने अपनी सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता बताई। राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी दोस्ती का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में वह छह बार रूस आए हैं और 17 बार राष्ट्रपति पुतिन से मिले हैं। उन्होंने कहा, 'रूस शब्द सुनते ही...हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता है... भारत के सुख-दुख का साथी, भारत का भरोसेमंद दोस्त। रूस में सर्दी के मौसम में तापमान कितना ही माइनस में नीचे क्यों न चला जाए। भारत-रूस की दोस्ती हमेशा प्लस में रही है। गर्मजोशी भरी रही है। ये रिश्ता आपसे विश्वास और सम्मान की मजबूत नींव पर बना है।' उन्हें खुशी है कि वैश्विक समृद्धि को नई ऊर्जा देने के लिए भारत और रूस कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

### अब हम आखरी बॉल तक हार नहीं मानते

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार को चुने हुए एक महीना हो चुका है। इस बार वह तीन गुना क्षमता और गति के साथ काम करेंगे। यह इत्तेफाक है कि उनकी सरकार के कई लक्ष्य तीन से जुड़े हुए हैं। उनकी सरकार का लक्ष्य भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। अपने तीसरे कार्यकाल में वह गरीबों के लिए तीन करोड़ मकान बनवाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कार्य करने वाली तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। भारत चंद्रयान मिशन चंद्रमा के उसे क्षेत्र में सफल रहा है जहां तक कोई अन्य देश नहीं पहुंचा था। भारत आज जो लक्ष्य साध रहा है उन्हें पूरा भी कर रहा है। भारत के युवाओं की मानसिकता को विश्व कप टी20 विजेता टीम के जज्बे से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हम आखरी बॉल तक हार नहीं मानते।

### कजान और येकातेरिनबर्ग में दूतावास खोलेगा भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को घोषणा की कि रूस के साथ यात्रा और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कजान और येकातेरिनबर्ग शहरों में दो नए वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे। वर्तमान में सेंट पीटर्सबर्ग और व्लादिवोस्तोक में पहले से दो वाणिज्य दूतावास हैं। अपनी दो दिवसीय रूस यात्रा के दौरान मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने घोषणा की। उल्लेखनीय है कि येकातेरिनबर्ग रूस का चौथा सबसे बड़ा शहर है, जो एक महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र के रूप में उभरा है।

---

# केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी, 12 जुलाई को पेशी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट जारी कर आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया हैं।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से श्री केजरीवाल के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आबकारी नीति मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई ने 26 जून 24 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था।

विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### मौसमी बीमारियों के प्रति सावधानी रखें: डॉ. रवि शेखावत

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 09 जुलाई।** जिले में चिकित्सा विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव व उपचार के लिए चिकित्साकर्मियों द्वारा विभिन्न ऐंटीलार्वा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने आमजन से मौसमी बीमारियों से बचकर रहने की अपील की है।
मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि मानसून के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में पर्याप्त सावधानी के अभाव में बीमार पड़ने का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा इस संबंध में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जुलाई माह को ₹डेंगू रोकथाम माह₹ के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत चिकित्सा स्टाफ द्वारा निरन्तर मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए सोर्स रिडक्शन व एन्टीलार्वल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। यदि आमजन भी मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक होकर सावधानी बरतें तो बीमारियों से बचा जा सकता है।उन्होंने बताया कि जिले में ₹स्टॉप डायरिया कैम्पेन₹ गत 01 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है जो आगामी 31 अगस्त तक चलेगा। मानसून के मौसम में दस्त रोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। बाल मृत्यु के कारणों में दस्त मुख्य कारण है। दस्त रोग नियंत्रण के लिए कैम्पेन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आमजन को दस्त रोग से बचाव और उपचार की गतिविधियों से अवगत कराया जा रहा है। इसके लिए चिकित्सा संस्थाओं पर ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने आमजन से इसमे अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की।

### अवैध जल कनेक्शन कों लेकर जलदाय विभाग ने की कार्यवाही

- **28 हजार 600 रुपए की लगाई पेनल्टी**

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 9 जून।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जयपुर शहर में अवैध जल कनेक्शन की शिकायत प्राप्त होने पर अवैध कनेक्शन को काटकर 28 हजार 600 रुपए का जुर्माना लगाया है, साथ ही उपभोक्ता को नोटिस जारी किया गया है।अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर अमिताभ शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जयपुर शहर के बाहुबली नगर नीवारू रोड झोटवाड़ा में लक्ष्मी नारायण कुमावत के मकान संख्या 149 ए एवं 149 बी में अवैध जल कनेक्शन लेकर नियमित रूप से पेयजल प्राप्त किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर सहायक अभियंता नगर उपखंड तृतीय द्वारा मौके पर जाकर कार्यवाही की एवं संबंधित उपभोक्ता को नोटिस जारी किया गया।

### व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत 25 जुलाई, 2024 तक किये जा सकेंगे आवेदन

- **अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र आवेदक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे ऑफलाइन आवेदन**

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 09 जुलाई।** व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र एवं इच्छुक आवेदक 25 जुलाई 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, जैन, ईसाई, बौद्ध पारसी) के पात्र आवेदकों से व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत 25 जुलाई 2024 तक ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक कार्यालय, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, शिप्रा पथ, सेक्टर नंबर-7 मानसरोवर में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों हेतु व्यावसायिक/शिक्षा योजना के तहत पात्रता एवं योग्यता संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 0141-2785723 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### जिला जयपुर प्रथम में शक्ति दिवस का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर प्रथम 9, जुलाई ' जिला जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गयामुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जयपुर प्रथम डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

---

## सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर आमजन के लिए विकसित करें नई योजनाएं : झाबर सिंह खर्रा

# स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ली जेडीए की समीक्षा बैठक

## जयपुर के सर्वांगीण विकास एवं चहुंमुखी जनकल्याण को दें गति: यूडीएच मंत्री

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 09 जुलाई।** नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए के मंथन सभागर में जेडीए की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। माननीय यूडीएच मंत्री ने अधिकारियों को सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर आमजन के लिए नई योजनाएं सृजित करने एवं नीलामी से जयपुर के सर्वांगीण विकास को गति देने के निर्देष दिये।बैठक में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा, माननीय विधायक कालीचरण सराफ, विधायक गोपाल शर्मा, नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत, जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल सहित जेडीए के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने लैण्ड फॉर लैण्ड के प्रकरणों, भूमि सेटलमेंट के प्रकरणों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों के बारे में सभी जोन उपायुक्तों से विस्तृत जानकारी ली।

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पानी भराव की समस्या के संबंध में अधिकारियों को समाधान के लिए कहा एवं अपने विधानसभा क्षेत्र की अनियमितत कॉलोनियों की कार्ययोजना बनाकर नियमन की कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। विधायक कालीचरण सराफ ने लालकोठी योजना में कॉलोनियों के नियमन की कार्यवाही करने के लिए कहा। सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा ने सडकों पर पानी भराव की समस्या एवं अतिक्रमण के संबंध में अपने सुझाव दिये। विधायक गोपाल शर्मा ने जयपुर शहर में अतिक्रमण एवं जयपुर के सौंदर्यीकरण के संबंध में चर्चा की। विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि जेडीए द्वारा विशेषज्ञ कंपनी द्वारा जयपुर शहर का मास्टर ड्रेनेज प्लान बनाया जायेगा। जिस पर जेडीए द्वारा कार्यवाही की जा रही है। नगरीय विकास मंत्री ने सभी जोन उपायुक्तों को एक सप्ताह में अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर सरकारी भूमि पर हुए स्थाई-अस्थाई अतिक्रमणों को चिन्ह्ति कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देष दिये। जेडीसी के निर्देषन में अस्थाई अतिक्रमणों को सतर्कता शाखा की सहायता से अभियान चलाकर हटवाने एवं स्थाई अतिक्रमणों पर कार्ययोजना के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देष दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने सडकों पर हुए अतिक्रमणों को भी चिन्ह्ति करने के निर्देश दिये। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं प्रकरणों की प्रभावी पैरवी करने के निर्देष दिये।
जेडीसी ने बताया कि नियमन से शेष रही योजनाओं के नियमन हेतु योजनाओं की संख्या जोन उपायुक्तों द्वारा संकलित की जा रही है। संकलित डाटा के अनुसार योजनाओं के नियमन हेतु कार्ययोजना बनाई जानी प्रस्तावित है। जिन योजनाओं का नियमन जेडीए स्तर पर संभव है, उनका नियमन शीघ्र किया जायेगा एवं जिन योजनाओं में राज्य सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त किया जाना है। उन योजनाओं की सूची राज्य सरकार को भेजी जायेंगी। नगरीय विकास मंत्री ने लैण्ड फॉर लैण्ड के प्रकरणों में अवाप्तषुदा भूमि के समतुल्य मूल्य के आधार पर ही भूमि के बदले भूमि दिये जाने के निर्देष दिये। उन्होंने जोन उपायुक्तों को अपने-अपने जोन की समस्त पेंडेंसी आगामी 15 दिवस में शून्य करने के निर्देष दिये। जिन लंबित प्रकरणों पर निर्णय उच्च स्तर से लिया जाना प्रस्तावित है, को उच्च अधिकारियों को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। यूडीएच मंत्री ने बताया कि मंगलवार को आयोजित बैठक में रखे गये सभी प्रकरणों की पुनः समीक्षा हेतु 27 जुलाई, 2024 को बैठक आयोजित की जायेगी।

---

## चित्तौड़गढ़ जिले में डीएसटी व थाना गंगरार पुलिस की कार्रवाई

# वाटर पार्क व धागा फैक्ट्री में मारपीट व तोड़फोड़ मामले में पांच और आरोपी किये गिरफ्तार

- **वांछित 3 आरोपियों की गिरफ्तारी पर एसपी ने की 50-50 रुपए इनाम की घोषणा**
- **इनामी रोशन लाल के बैंक खाते करवाये फ्रीज, अन्य अपराधियों के बैंक खाता भी पुलिस रही है खंगाल**



चमकता राजस्थान

जयपुर/चित्तौड़गढ़,! (खलील कुरैशी) 09 जुलाई। चित्तौड़गढ़ जिले में नेशनल हाईवे स्थित किंग वॉटर पार्क व मनोमय धागा फेक्ट्री में हुई मारपीट, तोड़फोड़ व आगजनी के मामले में जिला विशेष टीम ने गंगरार थाना पुलिस के सहयोग से पांच और लोगो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाटर पार्क में तोड़फोड़ मामले में अब तक कुल 28 व मनोमय धागा फैक्ट्री में आगजनी मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि मामले में भीलवाड़ा जिले के वांछित तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पर 50-50 रुपये के ईनाम की घोषणा की है। पुलिस ने ईनामी आरोपी रोशन लाल जाट के दो बैंक खाते फ्रीज करवा दिए है। साथ ही अपराधिक घटनाओं में लिप्त अन्य अपराधियों के बैंक खातों को खंगाला जा रहा है। प्रत्येक अपराधी के रेवेन्यू रिकॉर्ड, उनकी जमीन व संपत्ति पर जिला पुलिस नजर रख रही हैं।एसपी जोशी ने बताया कि गत 6 जून को चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा नेशनल हाईवे स्थित किंग वॉटर पार्क में प्रवेश के लिए हुए झगड़े व जेसीबी से की गई तोड़फोड़ एवं मनोमय धागा फैक्ट्री में आगजनी करने के मामले में पुलिस ने कई लोगों को चिह्नीत किया था। इसी क्रम में एएसपी मुकेश सांखला के निर्देशन में गंगरार थाना पुलिस द्वारा डीएसटी के सहयोग से वाटर पार्क व मनोमय धागा फेक्ट्री की घटना के आरोपी रतन लाल जाट पुत्र बालु लाल (26) निवासी गणेशपुरा, राजु लाल जाट पुत्र लेहरु लाल जाट (24) निवासी नागा का खेडा, गोवर्धन जाट पुत्र भैरु लाल (27) निवासी गणेशपुरा, नाथु लाल जाट पुत्र नारायण लाल जाट (39) निवासी उण्डवा तथा हेमेन्द्र सिह पुत्र प्रेम सिह (21) निवासी सोनियाणा थाना गंगरार को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपी भीलवाड़ा जिले के हलेड निवासी रोशन लाल पुत्र छोटू जाट, दाँथल निवासी राहुल चौधरी पुत्र भैरु लाल चौधरी तथा विशाल जाट पुत्र भोपाल जाट की तलाश व गिरफ्तारी पर 50-50 रुपये के ईनाम की घोषणा की गई हैं। जिला पुलिस ने आरोपी रोशन लाल जाट के बैंक ऑफ बड़ौदा व एचडीएफसी के दो बैंक खाते फ्रीज करा दिए है। आर्थिक अपराध के अन्य अपराधियों के बैंक खातों को पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है, उनको भी फ्रीज करवाने की कार्यवाही की जायेगी। एसपी जोशी ने बताया कि जिले में अपराध करने वाले अन्य अपराधियों के बैंक खातों को पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है, प्रत्येक अपराधी के रेवेन्यू रिकॉर्ड उनकी जमीन व संपत्ति पर नजर रखी जा रही हैं। इन तीनों की गिरफ्तारी पर मात्र 50-50 रुपये का ईनाम यह जताने की कोशिश है कि पुलिस के सामने इन आरोपियों की कोई हैसियत नहीं है और वे जल्द ही पुलिस की हिरासत में होंगे। एसपी ने बताया कि मनोमय धागा फेक्ट्री में आगजनी मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पूर्व में सेशन न्यायालय द्वारा जमानत खारिज की जा चुकी हैं।

---

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई, 6 साल से फरार इनामी तस्कर पकड़ा

- **जोधपुर ग्रामीण से है 25 हजार का इनामी, जयपुर के झोटवाड़ा क्षेत्र में पकड़ा**

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी)9 जुलाई।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने जोधपुर ग्रामीण जिले के थाना बालेसर में एनडीपीएस एक्ट के मामले में 6 साल से वांछित 25 हजार के इनामी तस्कर हंसराज मीना पुत्र राम प्रसाद निवासी पनवासा थाना असनावर (जिला झालावाड़) हाल कोटा को जयपुर आयुक्तालय के झोटवाड़ा क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश जाखड़, कमल सिंह, महावीर सिंह शेखावत एवं कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार की टीम इनामी बदमाशों, वांछित अपराधियों एवं गैंगस्टर इत्यादि की बारे में आसूचना संकलन के लिए भेजी गई है।एडीजी एमएन ने बताया कि टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल महेश सोमरा व महावीर सिंह शेखावत को सूचना मिली कि जोधपुर ग्रामीण जिले के थाना बालेसर में दर्ज मादक पदार्थ तस्करी के मामले में 6 साल से फरार चल रहा 25 हजार का इनामी आरोपी हंसराज गुर्जर कोटा की तरफ से जयपुर आ रहा है। इस सूचना को टीम ने विकसित किया तो पाया कि फरारी के दौरान कोटा में रहकर आरोपी एक निजी ट्रेवल्स की बस का ड्राइवर है, जो आज कोटा से जयपुर सवारी लेकर आएगा इस पर टीम ने मंगलवार को जयपुर के झोटवाड़ा थाना इलाके से अल सुबह आरोपी हंसराज मीना को डिटेन कर लिया। जिसे झोटवाड़ा थाना पुलिस की निगरानी मे रख थाना बालेसर पुलिस को सूचित कर दिया गया है। बालेसर थाना पुलिस अपने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई करेगीइंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के कुशल नेतृत्व में की गई इस संपूर्ण कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, महावीर सिंह शेखावत व रविंद्र सिंह की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल कमल सिंह की तकनीकी भूमिका रही, वहीं हैड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, राकेश जाखड़ एवं कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार का सहयोग रहा।



---

## पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीनसिटी मिशन शुरू

# आह्वान समिति ने पौधारोपण-वितरण कर जयपुर को हरा-भरा करने का किया संकल्प

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 9 जुलाई।** संत श्री दुलाराम कुलरिया की प्रेरणा से गौसेवा-मानव सेवा के लिए सेवारत आ''ान जनकल्याण एवं सेवा समिति (रजि.) ने हरित जयपुर के लिए ग्रीनसिटी मिशन मंगलवार 09 जुलाई को शुरू किया। समिति सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे जैसे सीताफल, कनेर, जामुन, आंवला, अमरूद, शीशम आदि कापौधारोपण कर मिशन का आगाज किया। इसके बाद लोगों को एक हजार से अधिक पौधे निःशुल्क वितरित किए ऑल इंडिया ब्राह्मण फैडरेशन के राष्ट्रीय सचिव एवं समिति संरक्षक रमेश ओझा ने कहा कि पेड़-पौधे बिना मनुष्य का जीवन पेड़-पौधे के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो पौधारोपण और पौधा वितरण वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होंगे क्योंकि ये पेड़ सदियों तक मानव जीवन को ऑक्सीजन देते रहेंगे। उन्होंने लोगों से आ''ान किया कि वे हर माह में एक पौधा जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि मनुष्य की बढ़ती महत्वकांक्षी सोच के चलते शहरों में ग्रीन फील्ड तेजी से घटा है और बढ़ते कंक्रीट निर्माण एवं अन्य उपकरणों के उपयोग के कारण तेजी से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल हुई है। हालत इतने विकट हो चले हैं कि इस बार ग्रीष्म ऋतु में सीमावर्ती क्षेत्रों एवं रेगिस्तानी इलाकों और कई शहरों में तापमान 50 डिग्री तक पहुँच गया। विभिन्न स्थानों से एसी कंप्रेशर फटने और आग लगने की घटनाएं तक हुई। ऐसे में आवश्यक हो चला है कि मानव अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागृत हो। समिति से जुड़े लोगों और आमजन की सहभागिता से ग्रीनसिटी मिशन का प्रथम चरण शुरू किया गया है। संसाधन बढ़ने की स्थिति में राजस्थान ही नही वरन देश के सभी प्रमुख शहरों में मिशन को आगे बढ़ाया जाएगा। लोगों ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।पौधारोपण के बाद सभी सदस्यों ने उनकी देखभाल करने की शपथ ली और कहा कि वे भविष्य में भी समय-समय पर पौधारोपण करते रहेंगे। कार्यक्रम में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कई लोगों ने अपने एवं अपने परिजनों के नाम से पौधारोपण किया और उनकी देखभाल करने का प्रण लिया। सीएम के पूर्व ओएसडी एवं साहित्यकार फारुक आफरीदी, वरिष्ठ चिकित्सक अजय शर्मा, डॉ . सुरेश वर्मा समाजसेवी बृजेंद्र चौधरी, फिरोज, खान सरयू शर्मा, गौसेवी, अमित मिश्रा, नितिन चावला, मधुर जांगिड़ एवं सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित वॉलियंटर्स और आमजन ने इस अभियान में सहभागिता निभाई ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ऐतिहासिक होगा राजस्थान सरकार का बजट, साबित होगा प्रदेश के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर : सीपी जोशी

## सीपी जोशी ने कार्यसमिति बैठक स्थल का जायजा लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 9 जुलाई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का कल बुधवार को प्रस्तुत होने वाला बजट ना सिर्फ ऐतिहासिक होगा बल्कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर भी साबित होगा। राजस्थान के गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, दलित, आदिवासी सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण का बजट होगा। यह बात आज उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कही।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार ने सत्ता में आने के बाद जिस प्रकार काम करना शुरू किया उससे यह तस्वीर सामने आई कि प्रदेश में ऐसी सरकार बनी है जिसने पहले ही दिन से प्रदेश के कल्याण के लिए काम करना शुरू किया। सत्ता में आते ही 30 दिन में प्रदेश की जनता को 450 रूपये में उज्जवला गैस सिलेण्डर देने की घोषणा की। जनता ने देखा कि भाजपा की सरकार ने छ माह में ही जनहित में ईआरसीपी को धरातल पर उतारा, यमुना जल समझौता किया, सामाजिक पेंशन और किसान सम्मान निधि का पैसा बढ़ाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता को सिर्फ वादे और नारे ही दिए, धरातल पर काम नहीं किया। कोविड काल में भी सरकार होटलो में बंद रही, जनता की सुध नहीं ली। बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को गर्त में धकेल दिया। साढे चार साल कुर्सी बचाने का खेल हुआ और अंतिम 6 महीनों में भी काम करने का दिखावा किया। भाजपा की सरकार में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी इसके बाद सीतापुरा स्थित जेईसीसी सभागार पहुंचे, जहां 13 जुलाई को होने वाली कार्यसमिति बैठक की तैयारियों व सभा स्थल का जायजा लिया लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### बृजेन्द्र कुमार ने ग्रहण किया प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार

**चमकता राजस्थान/(संवाददाता आगरा )** भारतीय रेल यातायात सेवा के 1994 बैच के अधिकारी बृजेन्द्र कुमार ने प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वह मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/भाड़ा विपणन, पश्चिम मध्य रेलवे के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने निवर्तमान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रभात रंजन का मध्य रेलवे में स्थानांतरण के उपरांत यह पदभार ग्रहण किया है। बृजेन्द्र कुमार भारतीय रेलवे के गतिशील अधिकारियों में से एक हैं जिनको रेलवे में परिचालन, संरक्षा और वाणिज्य विभागों में काम करने का व्यापक अनुभव है। इन्होंने अपनी रेल सेवा वर्ष 1996 से सहायक परिचालन प्रबंधक के रूप में झाँसी मण्डल से प्रारंभ की थी। उन्होंने मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे में विभिन्न पदों पर काम किया है। बृजेन्द्र कुमार का कहना है कि उनकी प्राथमिकता यात्री सेवाओं में वृद्धि, व्यापारियों और ग्राहकों को रेलवे के लिए नई लोडिंग को आकर्षित करने और इस तरह रेलवे के राजस्व में वृद्धि करने की होगी।



### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी राजस्थान सरकार का वर्ष 2024-25 का परिवर्तित बजट आज पेश करेंगी



**चमकता राजस्थान/जयपुर, 09 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी द्वारा बजट टीम-अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव (वित्त) अखिल अरोरा, शासन सचिव वित्त (बजट) देबाशीष पृष्टी, शासन सचिव वित्त (राजस्व) कृष्ण कान्त पाठक, शासन सचिव वित्त (व्यय) नरेश ठकराल एवं निदेशक वित्त (बजट) बृजेश किशोर शर्मा के साथ मंगलवार को राज्य के वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट को अंतिम रूप देते हुए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट बुधवार को प्रातः 11.00 बजे राज्य की विधानसभा में पेश किया जाएगा।

### प्रकृति प्रेमी चतर सिंह ने पेड़ पौधा लगाकर दिया मानवता का संदेश



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** के हलैना क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और प्रकृति प्रेमी चतर सिंह तलछेरा ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए पेड़ पौधे लगवाए। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय धरसौनी में बच्चों और अध्यापकों के साथ पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए बारिश के मौसम में पेड़ पौधे लगाए गए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चतर सिंह तलछेरा कड़ी मेहनत करके जगह जगह जाकर पेड़ पौधे लगाने का कार्य कर रहे हैं। वो बताते हैं कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है।

पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पेड़ों को नहीं काटने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। चतर सिंह तलछेरा ने बताया कि हर एक मानव एक पौधा प्रत्येक वर्ष एक पेड़ जरूर लगाएं। अध्यापक सम्राट डागुर ने भी बच्चों को प्रेरित किया और कहा कि पेड़ों की हमें बच्चों की तरह ही देखभाल करनी चाहिए। पृथ्वी पर पेड़ पौधों से ही हमारा जीवन चल रहा। अगर पेड़ ही नहीं रहेंगे तो मानव सांस भी नहीं ले पाएगा। सबसे अपील की जाती है कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए। पेड़ पौधे लगाने में अध्यापक सम्राट डागुर, अध्यापिका योजना, अध्यापिका शुसमा, जगदीश, मनदीप, राजेश, पुस्पेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में जनवरी से जुलाई माह तक 90 से अधिक प्रतियोगी और बोर्ड परीक्षाएं हुई किसी में कोई पेपर लीक नहीं हुआ: कन्हैयालाल चौधरी

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 09 जुलाई 2024।** पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बजट को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा सत्ता जाने के बाद मानसिक संतुलन खो चुके हैं और चर्चा में बने रहने के लिए नौटंकीपूर्ण और हास्यास्पद बयान देते रहते हैं। भाजपा की भजनलाल सरकार महज 06 माह में अपने ऐतिहासिक निर्णयों के साथ अपने संकल्प पत्र की अधिकांश घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। पिछली कांग्रेस सरकार के समय पेपर लीक जैसी घटनाओं पर ढिलाई बरतने वाले और मौन रहने वाले डोटासरा आज सत्ता जाने के बाद भाजपा की जनहितैषी सरकार के कामों में कमी निकाल रहे हैं।



कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और एक किसान के बेटे भजनलाल शर्मा सरकार में व्यवस्थाओं में बदलाव हुआ है। भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता राजस्थान को समृद्ध बनाने की है, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ें और केवल अवसर ही नहीं बढ़े बल्कि उनमें पारदर्शिता हो, कोई पेपर माफिया हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सके इसके लिए एसआईटी का गठन हुआ, और आज पेपर लीक में शामिल रहे लोग जेल की सलाखों के पीछे हैं। डोटासरा यह समझ लें कि अब पर्चियों पर लिख लिखकर अपने रिश्तेदारों को अफसर बनाने वाले दिन गये। प्रदेश में जनवरी से लेकर जुलाई पिछले 06 महिनों में छोटी बड़ी 90 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाएं हुई हैं, और सभी परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई किसी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ है।

कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि हमारे पास हमारे 06 माह का पूरा लेखा है हमने संकल्प पत्र में जो वादे किये उन्हे पूरा कर रहे हैं। चाहे वह किसान सम्मान निधि में 2000 रूपये की बढ़ोतरी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ोतरी, महिला सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्कवॉड का गठन, गुणवत्ता युक्त 12 लाख लोगों को श्री अन्न के बीज, रोजगार की बात करें तो शिक्षक भर्ती में महिला रिजर्वेशन 50 ×फीसदी कर दिया और पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन कर दिया है। पिछले 6 महीनों में भाजपा की सरकार ने प्रदेश में जल उपलब्धता के एक नए युग की शुरुआत की है। ईआरसीपी के नाम पर पिछले 5 सालों में जहां कांग्रेस की सरकार जनता को गुमराह करने का काम करती रही उसे भजनलाल सरकार ने सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आगे बढ़ाया, जिसका लाभ पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों के करोड़ों लोगों को होने वाला है। इसके साथ ही हरियाणा सरकार के साथ यमुना जल समझौते के लिए एमओयू किया गया है जिससे शेखावाटी अंचल के चार जिले लाभान्वित होंगे।

# इआरसीपी पर काम शुरू करे सरकार: इन्दल सिंह

● **संघर्ष समिति की होगी जल्द बैठक**

चमकता राजस्थान



भरतपुर (राजवीर सिंह) किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने कहा कि इआरसीपी को लेकर भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पहले जो दिलचस्पी दिखाई थी अब तो दिखाई नहीं दे रही । राजस्थान सरकार को इस योजना पर शीघ्र कार्य शुरू करना चाहिये ।

इआरसीपी संघर्ष समिति के प्रमुख किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि राज्य की राजनीति में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का मुद्दा प्रमुख था और इसी मुद्दे को उठाकर भाजपा विधानसभा चुनाव में जीत कर आई । उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा पर भरोसा किया था सरकार बनाई ।

राज्य सरकार ने इआरसीपी में पीकेसी और जोड़ी तथा केन्द्र सरकार द्वारा समझौता के तहत इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित तो किया गया लेकिन मध्यप्रदेश के साथ पानी का जो समझौता एमओयू हुआ उसे सर्वजनिक नहीं किया गया जिसकी वजह से किसानों में संदेह पैदा हुआ और उसका नुकसान भाजपा को लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ा ।

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि आश्चर्य तो इस बात पर है कि अभी तक इसकी नई डीपीआर भी तैयार नहीं हुई और जो जिम्मेदार अधिकारी इस काम तो देख रहे है वो कोई भी जानकारी नहीं देना चहाते । सरकार को कमसेकम इस पर आपनी बात स्पष्ट्रता से रखनी चाहिये । उन्होंने कहा कि भाजपा नेता विधानसभा चुनावों में तो इस मुद्दो को जोरशोर से उठाते थे लेकिन अब चुप्पी साधै बैठे है ।

उन्होंने कहा कि हम पानी की लड़ाई वर्ष 2007 से लगातार लड़ रहे है और जरूरत पड़ेगी तो आगे भी लड़ेगे । वैसे भी यह योजना बहुत लेट हो चुकी है और इसकी लागत भी बढ़ती जा रही है। इस योजना पर सरकार को मोटा वजट देकर शीघ्र कार्य आरम्भ करना चाहिये ताकी यह योजना निर्धारित समय पर पूरी हो सके और इसका लाभ करोड़ों जनता को पहुँच सके । पानी का व्यापक और संकट गम्भीर है लोग पानी को तरस रहे हैं जबकि खेती बर्बाद हो रही है । भरतपुर और ड़ीग जिले में पानी की समस्या को लेकर आये दिन खबरें छपती रहती है और स्वयं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इस पानी के संकट को अच्छी तरत जानते और समझौते है , वैसे पानी का गम्भीर संकट भरतपुर के साथ साथ दौसा ' करौली ' टौंक ' जयपुर , अलवर ' धौलपुर ' आदी तमाम जिलो में ज्यादा हैं ।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार को जल्द से जल्द इस योजना पर सभी जिलों में तेज गति से निर्माण कार्य को शुरू करना चाहिये । उन्होंने कहा कि इआरसीपी और पीकेसी हो या यमुना के पानी का मुद्दा हो इन सभी पानी के मुद्दों पर विचार विर्मश करने के लिये जल्दि ही संघर्ष समिति के प्रमुख साथियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी जिसकी पानी के हुऐ समझौतों और उनपर हुई प्रगति पर विचार होगा और आगे की रणनीति पर बातचीत होगी ।

# बालिका शिक्षा हमारी प्राथमिकता: पायलट

## 4.49 करोड़ रूपये से निर्मित राबाउमावि कोहना के नवीन भवन का किया लोकार्पण



चमकता राजस्थान

**टोंक, 09 जुलाई।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक श्री सचिन पायलट ने कहा कि किसी भी देश, समाज, क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए वहां के लोगों का शिक्षित होना आवश्यक है। इसी सोच को ध्यान में रखकर हमें हमारे बच्चे-बच्चियों को अच्छे से पढ़ाना चाहिए। विशेषकर बालिकाओं को पढ़ाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। क्योंकि जब एक बालिका शिक्षित होती है, तो एक नहीं बल्कि दो परिवार शिक्षित होते हैं।

श्री पायलट आज टोंक के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोहना के 4.49 करोड़ रूपये की स्वीकृत राशि से नवनिर्मित विद्यालय भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में टोंक सांसद श्री हरीश मीणा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद बैरवा, नगर परिषद् सभापति श्री अली अहमद सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

इस अवसर पर श्री पायलट ने कहा कि प्रशासन, सरकार बदलते रहते हैं परन्तु हमारा जो उद्देश्य है, लोगों की मदद करना, विकास के लिए उन्हें अच्छे संसाधन उपलब्ध करवाना, वो कभी नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार या जनप्रतिनिधि या किसी के भी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो भी पैसा व्यय किया जाता है, एक प्रकार का निवेश है। इसके द्वारा पढ़-लिखकर हमारी नई पीढ़ी देश के अच्छे शिक्षित नागरिक बनेंगे, ऊंचे पदों पर पहुंच कर देश, प्रदेश के विकास में अपना योगदान देंगे।

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने श्री पायलट को स्कूल के लिए आवश्यक संसाधनों की सूची सौंपी जिसमें दिव्यांगों के लिए लिफ्ट, सी.सी. टीवी कैमरे, वाटर कूलर, इलेक्ट्रिक बैल सिस्टम, इन्वर्टर, म्यूजिकल साउण्ड सिस्टम, क्लास रूम डिजिटल बोर्ड, रिसेप्शन काउंटर तथा एयरपोर्ट सोफा उपलब्ध करवाने की मांग की गई। श्री पायलट ने सभी कार्यों को अपने विधायक मद से पूरा करवाने की घोषणा करते हुए कहा कि टोंक के विकास के लिए विशेषकर शिक्षा क्षेत्र के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

उक्त कार्यक्रम से पहले श्री पायलट ग्राम पंचायत देवली भांची के ग्राम भांची स्थित बैरवा की ढाणी पहुंचे जहां राजस्थान पुलिस में हैड कानिस्टेबल स्व. श्री खुशीराम बैरवा को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

## प्रकृति से बंद करें खिलवाड़: मंगल चंद सैनी

# बड़ागांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आगाज

चमकता राजस्थान

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** हरियालो बड़ा गांव कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय सीनियर स्कूल बड़ागांव के खेल मैदान में 201 पेड़ लगाकर 1151 पेड़ लगाने की मुहिम शुरू की गई. कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि समाज के प्रत्येक तबके के लोगों की भागीदारी रही और जन सैलाब उमड पडा.

मुख्य अतिथि गुढ़ा थानाधिकारी राम मनोहर सिंह थे. कार्यक्रम को प्रिंसिपल मानसिंह पूर्व तहसीलदार मंगलचंद सैनी पंचायत शिक्षा अधिकारी राधेश्याम तानेनिया बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल अनुराधा बीके साक्षी बहन गायत्री परिवार के बजरंग सोनी ने संबोधित किया।



पूर्व तहसीलदार मंगलचंद सैनी ने कहा कि किस प्रकार खेजरोली में एक एक पेड़ की रक्षा के लिए लोगों ने अपनी जान दे दी थी पूरे सावन महीने में वर्षा की झड़ी लग जाती थी किंतु यह इतिहास की बात हो गई है हमने प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है जिसकी बदौलत पानी की एक-एक बूंद के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। अतः प्रत्येक व्यक्ति पेड़ लगाए वह उसकी परवरिश भी करें.

उपस्थित लोगों में विशेष रूप से प्रिंसिपल महिपाल सिंह एजिस के डायरेक्टर अमर सिंह गोमती देवी संस्था के डायरेक्टर चंदू शर्मा जिला परिषद सदस्य अजय भालोठिया पंचायत समिति सदस्य दीपेंद्र सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य राजीव गोरा पूर्व सरपंच राजेंद्र सैनी पूर्व सरपंच सत्य प्रकाश तानेनिया महंत रवींद्र रामनिवास सिंह शुभम चौहान राम जी कटारिया सुरेंद्र कटारिया प्रहलाद टिबडेवाल अरविंद दाधीच अशोक पारीक अशोक तुलस्यान सुरेश पारीक रघुवीर सिंह झूथाराम तानेनिया पर्यावरण प्रेमी ग्यारसी लाल जिनोलिया प्रवासी धीरज कमल राजपुरोहित सुरेंद्र सिंह पूरन सिंह समंदर सिंह प्रवीण जांगिड़ मारू राम चौधरी प्रहलाद सैनी कुरडा राम किशोरी लाल कुमावत बिशन सिंह मोतीलाल पटवारी मोहनलाल पूर्व मैनेजर श्रीराम पूर्व मैनेजर अनेक स्कूलों के बालक स्टाफ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आधुनिक युग में प्रकृति को देवतुल्य मानने की परंपरा को जीवित रखें : बीके रेखा दीदी

## ब्रह्माकुमारीज़ के वृक्षवंदन कार्यक्रम के तहत लगाए पौधे



चमकता राजस्थान

जयपुर। ब्रह्माकुमारीज़ के वृक्षवंदन कार्यक्रम के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा निवाई एवं रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय निवाई के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
इस मौके पर स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा की पर्यावरण और आध्यात्म का बहुत गहरा सम्बन्ध है। भारतीय संस्कृति पर्यावरण के साथ बहुत नज़दीकी से जुड़ी हुई है। हमारी जीवनशैली सदा ही पर्यावरण मित्र शैली रही है, जो कि पर्यावरण संरक्षण का कार्य स्वतः करती है। परन्तु वर्तमान समय में हम प्रकृति से बहुत दूर चले गये है जिससे प्रकृति तथा आध्यात्म का समन्वय भी बिगड़ गया है। उसका परिणाम आज प्रकृति के पांचों तत्वों का विध्वंसक रूप भी देखने को मिल रहा है। वास्तव में प्रकृति यह सन्देश दे रही है कि अब यह जागने का समय है। प्रकृति के साथ सम्बन्ध जोड़कर उसे देवतुल्य मानने की परम्परा को इस आधुनिक युग में भी जीवित रखने की अति आवशयकता है
कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने राजयोग का महत्व बताते हुए प्रैक्टिकल अभ्यास करवाया।
कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू अग्रवाल ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की इस पहल को सहरानीय बताते हुए कहा संस्थान द्वारा मानव को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है।
इस मौके पर बीके कैलाश भाई, महाविद्यालय के उपप्राचार्य दीपेंद्र सिंह,अनीश खान दीपक चौधरी,कैलाश चंद विजय एवं महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एक नजर

## दौसा जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस की कार्रवाई

- पुराने सिक्कों व पैसों को करोड़ों में खरीदने का झांसा देकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार
- आरोपी ने परिवादी से ठगे थे 3.58 लाख रुपए, पहले भी ठगी के मामले में जा चुका है जेल



**चमकता राजस्थान।जयपुर/दौसा! (खलील कुरैशी)9 जुलाई।** दौसा जिले में बैजूपाड़ा थाना निवासी एक बुजुर्ग को पुराने सिक्के करोड़ों में खरीदने का झांसा देकर 3.58 लाख रुपए की ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस की टीम ने आरोपी जाहिद मेव पुत्र मोर मल (24) निवासी गोलकी थाना सीकरी (जिला डीग) को गिरफ्तार किया है। आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की जा रही हैएसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि गांव नांगल लोटवाड़ा थाना बैजूपाड़ा निवासी परिवादी रमेश चंद शर्मा (61) द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 8 अक्टूबर 2023 को इंडियन आर्मी ओल्ड कॉइन कंपनी के नाम से उसके व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज आया कि हम पुराने सिक्कों का व्यापार करते हैं। इस पर उसने अपने पास रखे पुराने सिक्कों की फोटो भेजी, जिनकी कीमत उन्होंने एक करोड़ 77 लाख रुपए बताईइसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप व कॉल से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन फीस, इनकम टैक्स, पुलिस द्वारा गाड़ी पकड़ने का बहाना बनाकर कुल 3,57,540 अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। रिपोर्ट पर आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गईमामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल व सीओ बृजेश कुमार मीना के सुपरविजन एवं साइबर थाना से उप निरीक्षक रामाशंकर के नेतृत्व में गठित की गई विशेष टीम द्वारा सोमवार को तकनीकी आधार पर आरोपी जाहिद मेव को डीग जिले के नगर थाना क्षेत्र से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। जिसे मंगलवार को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

- **तरीका ए वारदात**

ठग फेसबुक व व्हाट्सएप पर पुराने सिक्के खरीदने का ऐड देते हैं। जिनके पास पुराने सिक्के होते हैं, स्वयं ही उनसे संपर्क करते हैं। पुराने सिक्कों का मूल्य करोड़ों में बताकर लालच दिया जाता है। जाल में फंस गए व्यक्ति को पुराने सिक्को या पैसों के बदले की रकम गाड़ी से पार्सल करने को बताया जाता हैं। इसके बाद जीएसटी, आरटीओ टैक्स, इनकम टैक्स, गाड़ी खराब होने, पुलिस द्वारा पकड़ लेने व अन्य बहाने बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं।

## चंडीगढ़ से लौट रहे मजदूर को नशीला कोल्ड ड्रिंक्स पिलाकर लूटा

**पूर्वी चंपारण।** चंडीगढ से मजदूरी कर अपने भतीजे की शादी समारोह में भाग लेने घर आ रहे एक मजदूर को नशीला कोल्ड ड्रिंक्स पिलाकर तीन युवकों ने सात हजार रुपये, मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया है। लूटने के बाद युवकों ने बोलेरो गाड़ी से लाकर हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरपुर राय तेलियाई परती पर रात में बेहोशी के हालत में फेंक दिया। मंगलवार की सुबह में ग्रामीण शौच के लिए गए तेलियाई परती की ओर गए तो देखा की सड़क किनारे एक अधेड़ जख्मी व बेहोशी के हालत में पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना पुलिस को ग्रामीणों ने दिया। साथ ही जख्मी मजदूर की फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तीन घण्टे बाद तक पुलिस तो नही पहुंची, लेकिन सोशल मीडिया पर फोटो देख लूट के शिकार मजदूर के भाई घटना स्थल पर पहुंच मजदूर को अपने साथ ले गए। मजदूर गोविंदगंज ढाला के रहने वाले शत्रुधन पासवान है। उसके छोटे भाई सत्यनारायण पासवान ने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो देखने बाद घटना का पता चला।

## पुलिस ने 84.5 ग्राम स्मैक और नगद राशि के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की जोगबनी थाना पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के अधार पर नेताजी चौक वार्ड संख्या 14 स्थित एक घर में छापेमारी कर 84.5 ग्राम स्मैक और भारतीय और नेपाली नगद राशि के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। 24 वर्षीय गिरफ्तार युवक सुधांशु कुमार उर्फ सावन नेताजी चौक वार्ड संख्या 14 का ही रहने वाला है।स्मैक के अलावे उसके पास से भारतीय 26 हजार 830 रुपए और नेपाली 52 हजार 120 रुपए बरामद किए गए। नेताजी चौक वार्ड संख्या 14 स्थित एक घर से स्मैक सहित अन्य नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार किया जाता है। पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ मजिस्ट्रेट को लेकर थानाध्यक्ष नेताजी चौक स्थित घर की तलाशी ली तो गिरफ्तार सावन के पेंट में से प्लास्टिक के पैकेट में रखा स्मैक बरामद हुआ।

# बांग्लादेश को देने के लिए पानी नहीं: ममता

**सिक्किम में 14 पनबिजली स्टेशनों का निर्माण करके बहुत सारे तीस्ता जल का दोहन किया गया है।**



संवाददाता

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीस्ता जल का हिस्सा बांग्लादेश को देने पर सीधे तौर पर कड़ी आपत्ति जतायी है। उत्तर बंगाल में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए नबान्न में विशेष समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने तीस्ता के अलावा गंगा जल वितरण पर बांग्लादेश के साथ समझौते में केंद्र सरकार की भूमिका की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, क्या तीस्ता में पानी है जो बांग्लादेश को दिया जा सके? तब उत्तर बंगाल के लोगों को पीने का पानी नहीं मिलेगा। ग्रीष्मकालीन तीस्ता को मानसून तीस्ता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। सिक्किम में 14 पनबिजली स्टेशनों का निर्माण करके बहुत सारे तीस्ता जल का दोहन किया गया है। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि केंद्र सरकार ने इस मामले की निगरानी क्यों नहीं की। उन्होंने डीवीसी के डैम से अचानक पानी छोड़े जाने पर भी गुस्सा जताया। गंगा के कटाव को रोकने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना के बीच ममता ने भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारा समझौते के नवीनीकरण का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने दोनों देशों के बीच चर्चा प्रक्रिया में पश्चिम बंगाल को शामिल नहीं किये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 1996 में भारत-बांग्लादेश जल समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने पर पश्चिम बंगाल के लिए किए गए वादे को पूरा नहीं किया है। गंगा के कटान को रोकने के लिए प्रस्तावित 700 करोड़ रुपये की परियोजना पर अमल नहीं हो सका है। जल समझौते के बाद गंगा का कटाव बढ़ गया है। चीन की मदद से अत्रेयी नदी पर बांग्लादेश के बांध के निर्माण के कारण दक्षिण दिनाजपुर के लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि उन्होंने इसकी जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत-बांग्लादेश संयुक्त बैठक में भाग लेने के दौरान भी उन्होंने यह मुद्दा उठाया था। इस दिन नवान्न की बैठक में मुख्यमंत्री ने डीवीसी के बारे में कहा, वे मनमर्जी से पानी छोड़ते थे। अब हम अपने दबाव में राज्य सरकार की राय लेने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने डीवीसी के बांध जलाशयों से गाद निकालने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की। यदि ऐसा किया जाता तो वे दो लाख घन मीटर पानी बरकरार रख सकते थे। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग को इस विषय पर तत्काल केन्द्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से चर्चा करने का निर्देश दिया है। डीवीसी के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा, अगर वे पहले ही धीरे-धीरे पानी छोड़ देते तो स्थिति इतनी खराब नहीं होती। लेकिन जलाशय की जल धारण क्षमता अपनी अधिकतम सीमा तक पहुंचने के बाद, बहुत सारा पानी छोड़ा जाने लगा। इससे स्थिति और खराब हो जाती है। संयोग से, जब डीवीसी ने अधिक पानी छोड़ा तो हावड़ा, हुगली, बर्दवान जिलों के बड़े हिस्से में बाढ़ आ गई। मुख्यमंत्री ने उत्तर बंगाल के जिलों में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने नबान्न में केंद्रीय नियंत्रण कक्ष के साथ प्रत्येक जिले में नियंत्रण कक्ष खोलने और वहां कई हेल्पलाइन नंबर खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने कूचबिहार, जलपाईगुड़ी के कुछ इलाकों का नाम लेते हुए कहा कि वहां की स्थिति बहुत खराब है। हालांकि दक्षिण बंगाल में बाढ़ की कोई स्थिति नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री ने आज अधिकारियों को सतर्क रहने और एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया।

# पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 13 जुलाई, 2024 को आयोजित होगी परीक्षा

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 09 जुलाई। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा शनिवार, 13 जुलाई 2024 को पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन होगा। भर्ती परीक्षा का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक जयपुर शहर के 11 केन्द्रों पर होगा जिसमें कुल 2 हजार 506 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे।जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 11 जुलाई से 13 जुलाई,2024 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्षा 11 जुलाई एवं 12 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 13 जुलाई को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा।उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के संबंध में ही शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## वित्त निगम द्वारा एकमुश्त निपटारा योजना चालू निगम एनपीए खातों में शत-प्रतिशत ब्याज की छूट देते हुए 30-85 प्रतिशत मूलधन वसूलीकर खातों का करेगा निपटारा

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर, 9 जुलाई को राजस्थान वित्त निगम के तत्वाधान में गैर निष्पादित खातों का एकमुश्त निपटारा करने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटारा योजना चालू की गई है। शाखा प्रबंधक आर. एन. मिश्रा ने बताया कि राजस्थान वित्त निगम प्रशासन द्वारा गैर निष्पादित खाताधारकों का नियमानुसार न्यूनतम 30 प्रतिशत एवं अधिकतम 85 प्रतिशत मूलधन राशि प्राप्त कर, खातों के एक मुश्त निपटारा करने हेतु आकर्षक एवं लाभकारी योजना 11 जून 2024 से चालू है। उन्होंने बताया कि इस योजना में 2000 पंजीयन शुल्क एवं 5 प्रतिशत मूलधन बतौर अपफ्रंट राशि जमा करवाकर खातों का पंजीयन करवाया जा सकता है! तथा इस योजना में एकमुश्त राशि 45 दिवस में जमा करवाने हेतु समयावधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जो उद्यमी एकमुश्त निपटारा राशि जमा करवाने में कठिनाई महसूस करते हैं, ऐसी उद्यमियों को 12 मासिक किश्तों में भुगतान करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति या जनजाति, विक्लांग, एक्स-सर्विसमेन एवं बीपीएल कार्ड धारक को देय पंजीयन शुल्क 2000 में शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि एकमुश्त निपटारा योजना दिनांक :-30 सितंबर 2024 तक प्रभावी रहेगी।
शाखा प्रबंधक आर. एन. मिश्रा ने बताया कि उक्त निपटारा योजना के तहत किये समझौते से कोई उद्यमी असंतुष्ट होने की स्थिति में समझौता की सूचना प्राप्ति के 30 दिवस के भीतर दो हजार रुपये पंजीयन शुल्क एवं 5 प्रतिशत मूलधन बतौर अपफ्रंट राशि जमा करवाकर अपील हेतु शाखा कार्यालय में पंजीयन कर सकते हैं!तथा शाखा कार्यालय द्वारा अवेदनों को निगम मुख्यालय में प्रबंध निदेशक स्तरीय कमेटी को निस्तारण हेतु अग्रेषित कर दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यालय स्तरीय कमेटी के द्वारा अपील के आवेदनों को निस्तारण कर उद्यमियों को राहत प्रदान की जायेगी।

# कांग्रेस,इंडिया गठबंधन व बाप के नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान

जयपुर। कांग्रेस विधायक दल की नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में राजस्थान प्रभारी व सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, एआईसीसी महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह, सचिन पायलट भी उपस्थित रहे। तत्पश्चात कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन तथा बाप के नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत समारोह राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया।
राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा जनहित के मुद्दों को विधानसभा में उठाने हेतु विस्तार से रणनीति तैयार की गई। बैठक के तत्पश्चात नवनिर्वाचित विधायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।






जिसमें सभी नवनिर्वाचित सांसदों को साफा पहना और शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।
इस अवसर पर एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों एवं उपस्थित विधायकगणों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी मेरे साथी हैं तथा आपने जिस प्रकार मेरा साथ दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मीडिया ने कहा था कि जिस निर्वाचन क्षेत्र से वह चुनाव लड़ रहे हैं वह भाजपा का गढ़ है किंतु उनके द्वारा मीडिया को बताया गया कि न सिर्फ वह चुनाव जीतेंगे बल्कि राजस्थान में कांग्रेस जीत कर आ रही है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने पार्टी को धोखा दिया और जो पार्टी छोड़कर गया है व पूरे हिंदुस्तान में जीत नहीं सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत की बात भाजपा करती थी किंतु कांग्रेस ने पंजाब को ही भाजपा मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ना तो आंतरिक सुरक्षा को लेकर कोई नीति है ना ही कोई उचित विदेश नीति है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जो देश के खिलाफ युद्ध लड़ रहा है उसको लेकर प्रधानमंत्री मोदी अपना मुंह नहीं खोलते है। रंधावा ने कहा कि एक बात है कि आने वाला समय कांग्रेस का है तथा देश में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी।
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि जब से सुखजिंदर सिंह रंधावा हमारे प्रभारी बने है उन्होंने राजस्थान में रह कर राजस्थान में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याषियों का मार्गदर्शन किया। लोकसभा चुनाव-2024 में रंधावा ने अपने चुनाव की परवाह नहीं करते हुए राजस्थान कांग्रेस को प्रेरित किया जिसके परिणाम स्वरुप प्रदेश में आठ संसद जीते और टीम इंडिया गठबंधन के तीन सांसद विजयी हुए।
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने सभी का स्वागत किया और कहा कि राजस्थान के प्रभारी का मार्गदर्शन हमें मिला और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा का साथ मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त होगी ऐसे भाजपा ने लोग कहते थे, किंतु हमारा सौभाग्य है कि हमारा नेतृत्व ऐसे व्यक्ति कर रहे हैं जिन्होंने संसद और संसद के बाहर देश की आम जनता की आवाज उठाते हुए लड़ाई लड़ी और सांसद जीत के गए। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है भाजपा को केंद्र से हटाने का कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बनने के पश्चात लगातार श्री राहुल गांधी देश के दौरे पर हैं तथा जनता के मुद्दे उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने गुजरात में जाकर सीधे भाजपा को चुनौती दी है। इससे प्रेरणा लेकर हम सबको उन्हीं के प्रति उत्तरदायी होकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए भाजपा के विरुद्ध मोर्चा खोलना है।
एआईसीसी के महासचिव श्री भंवर जितेंद्र सिंह ने श्री सुखजिंदर सिंह जी रंधावा तथा सभी नवनिर्वाचित सांसदों को निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि श्री गोविंद सिंह डोटासरा तथा टीकाराम जूली ने जिस प्रकार भाजपा के विरूद्ध अभियान चलाया है उसका ही परिणाम है कि प्रदेश में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में सफलता मिली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सफलता में हमारे बूथ कार्यकर्ताओं का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से 400 पार की बात शुरू हुई और मोदी के अहंकार को तोड़ने का कार्य राजस्थान से प्रारंभ हुआ।

## एक नजर

### हर व्यक्ति पौधा लगाए और पेड़ बनने तक करें देखभाल : मंत्री निर्मला भूरिया



**भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार को भोपाल के जवाहर बाल भवन में एक पेड़ मां के नाम अभियान में अशोक का पौधा लगाया। इस अवसर पर आयुक्त महिला बाल विकास सूफिया फारूकी वली ने भी अमरूद का पौधा लगाया। मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में पौध-रोपण किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उस पौधे की देखभाल तब तक करें जब तक वह पेड़ नहीं बन जाता। मंत्री भूरिया ने कहा कि इस क्रम में प्रदेश के सभी ऑगनवाड़ियों केन्द्रों में भी पौध-रोपण किया जायेगा। उन्होंने बाल भवन में बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रों, संगीत कक्ष, लाइब्रेरी आदि का भ्रमण कर जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यवतमाल के दीनदयाल प्रबोधिनी में रोपा पौधा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र के नागपुर में मंगलवार को मां जगदंबा मंदिर कोराड़ी में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने चिंतामणि गणेश मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर विघ्नहर्ता से देश और प्रदेशवासियों पर सर्वदा कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यवतमाल के कलम्ब में दीनदयाल प्रबोधिनी पहुंच कर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने संस्थान के कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित प्रबुद्ध जन के साथ पौधा रोपा।

### तीस लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नशा मुक्त देवभूमि के लिए जा रहे चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 30 लाख रुपये की स्मैक बरामद की गई है। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस व एएनटीएफ की टीम ने क्षेत्र के लालपुल नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपित के कब्जे से 29.15 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पता सोनू कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मोहल्ला रामपुर निकट रविदास मंदिर के पास कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### भाविप, सीड बॉल्स उछाल कर मनायेगी स्थापना दिवस

**शाहपुरा।** भारत विकास परिषद शाखा शाहपुरा की ओर से 10 जुलाई को पौधरोपण कार्यक्रम के साथ भाविप के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की 104वीं जयंती और परिषद का 62वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। शाहपुरा में पौधरोपण कार्यक्रम शाम 5 बजे फास्ट बालाजी से टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर 51 पौधे रोपित कर मनाया जाएगा। इस मौके पर जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहेगें। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। प्रांत उपाध्यक्ष संस्कार पवन बांगड़ ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर सीड्स बॉल्स जंगलों, खुले मैदान और अन्य जगहों पर उछाली जाएगी ताकि उनमें रखे बीज पेड़ बन सकें।

### वन विभाग में तबादलों को लेकर कर्मचारियों में रोष

**हल्द्वानी।** वन विभाग के कर्मचारियों के तबादलों की सूची तैयार हो गई है। पश्चिमी सर्किल के वन प्रभागों की तबादला सूची में ऊंचे संपर्क वालों के नाम नहीं होने पर कर्मचारियों में नाराजगी है। ऐसी स्थिति में यह सूची जारी नहीं की गई है। करीब चार माह पहले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की तबादला सूची जारी हुई थी। इसमें कुछ ने नए कार्यस्थल पर ज्वाइन ही नहीं किया। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा ने बीती 29 जून को वन विभाग के विभिन्न पदों में तैनात कर्मियों की प्रोन्नति के आदेश किए थे। इसमें छह प्रधान सहायक प्रोन्नत कर प्रशासनिक अधिकारी बनाए गए। इसके अलावा 72 कनिष्ठ सहायकों को प्रोन्नत कर वरिष्ठ सहायक, 21 वरिष्ठ सहायकों को प्रोन्नत कर प्रधान सहायक और नौ वन दरोगाओं को डिप्टी रेंजर बनाया गया। प्रबंधन ने प्रोन्नत हुए कर्मचारियों की सूची तो जारी कर दी लेकिन इनकी नए स्थान पर तैनाती की सूची जारी नहीं की।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भी ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में उतरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों के विरोध में शैक्षिक संगठन भी सामने आ गये हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भी शिक्षकों के समर्थन में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जरुरी मांगों को पूरा किए बिना विभाग ऑनलाइन उपस्थिति व डिजीटीलाइजेशन के नाम पर शिक्षकों को प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में हमारे संगठन के पदाधिकारी विरोध कर रहे हैं। अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित 22 सूत्रीय मांग पत्र जिसमें 30 ईएल, हाफ डे सीएल, स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन आदि सम्मिलित हैं, सरकार को दिया है। जिस पर आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

# हिमाचल सरकार में उपचुनाव के तुरंत बाद होगा नेतृत्व परिवर्तन : भाजपा

**शिमला। एजेंसी**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने दावा किया है कि उपचुनाव के तुरंत बाद हिमाचल की सत्ताधारी कांग्रेस सरकार में नेतृत्व परिवर्तन होगा। मंगलवार को एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, उनके मित्र, मंत्रिमंडल के मंत्री, सीपीएस और तमाम कांग्रेस के नेता जिस प्रकार की घोषणाएं करते हैं, वो कभी पूरी नहीं हो सकती। अगर उनका पूरा करने का प्रयास किया जाता है तो जनता उस असफल प्रयास के बोझ के तले दब जाती है। यह झूठ का पर्वत, यह झूठी कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जनता का जीना दुश्वार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में हत्या, बलात्कार और



डकैती की वारदात से राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, पर कांग्रेस सत्ता का दुरुपयोग करने में मस्त है। अगर सत्ता का सदुपयोग किया होता तो कानून व्यवस्था सुदृढ़ होती और सुधरती। कश्यप ने कहा कि 30 हजार करोड़ का कर्जा लेने के बाद भी वर्तमान कांग्रेस सरकार ने ढेले का काम नहीं कर रही। इस सरकार की कर्ज की गाथा तो बहुत लंबी है, पर यह लिया कर्ज गया कहां? क्या वह कर्ज मित्रों की सुख सुविधा पर खर्च हुआ? क्या यह कर्ज कांग्रेस के चुनावी संचालन में खर्च हुआ क्या ? कर्ज के रूप में लिया हुआ पैसा जनता के ऊपर खर्च हुआ? यह तो कांग्रेस नेताओं को बताना ही होगा।

### चुनाव प्रभावित करने के लिए अलग से करवाए गए उपचुनाव : विश्व

**धर्मशाला। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि सरकार ने चुनाव के नाम पर ठेकेदारों से भारी वसूली की है, अब कांग्रेस के लिए समर्थन मांग रहे हैं। भाजपा को समर्थन देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दे रहे हैं। मंगलवार को यहां जारी प्रेस बयान में विश्वचक्षु ने कहा कि कांग्रेस सरकार उपचुनाव जीतने के लिए पूर्णतया तानाशाही पर उतर आई



है। भाजपा के समर्थकों को परेशान करने के हर जतन कर रही है। सरकार चाहती है कि कोई भी भारतीय जनता पार्टी को किसी प्रकार का सहयोग और समर्थन न दें। दुकानों पर भारतीय जनता पार्टी के झंडे लटकाने पर दुकानदारों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें पुलिस द्वारा डराया धमकाया जा रहा है। अब तक सिर्फ उपचुनाव वाले तीनों विधानसभा क्षेत्रों में हजारों दुकानदारों के यहां इसलिए छापा मारा गया क्योंकि उन्होंने भाजपा का झण्डा अपने दुकानों पर लगाया हुआ था। इसी तरह से कर्मचारियों को भी निशाना बनाया जा रहा है।

### नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी

शिमला। राजधानी शिमला में एक सरकारी उपक्रम में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि एक शख्स ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसकी हजारों की रकम हड़प ली। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। मामला छोटा शिमला थाना क्षेत्र का है। शिमला के मैहली निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायती में कहा है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात संजौली निवासी सूरज से हुई थी। सूरज ने उसे शिमला के निगम बिहार स्थित सरकारी उपक्रम हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम सीमित (एचपीएमसी) में डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी की पेशकश की थी। आरोपित ने पीड़ित को कहा था कि उसकी अच्छी जान-पहचान है और वो उसे एचपीएमसी में सरकारी नौकरी लगवा देगा। इसके एवज में आरोपित ने हजारों की रकम देने की मांग की थी। पीड़ित उसके झांसे में आ गया और 25 जून को करीब 18 हजार 700 रुपये दे दिए थे।

# हाथरस कांड की एसआईटी रिपोर्ट पर योगी सरकार की कार्रवाई, एसडीएम समेत छह अधिकारी निलंबित

**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के बाद हुई दुर्घटना को लेकर एसआईटी ने मंगलवार को जांच रिपोर्ट सौंप दी। योगी सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। हाथरस जिले के सिकन्दराराऊ में विगत दो जुलाई को साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने दो सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। एसआईटी ने 02, 03 और 05 जुलाई को घटना स्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता एवं प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी शामिल है। इसके अलावा घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की



प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया।

एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। जांच समिति ने अब तक हुई जांच व कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज ने अपने दायित्व के निर्वहन करने में लापरवाही बरतीं। एसडीएम सिकन्दराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया।

अनुमति के लिए लागू शर्तों का अनुपालन नहीं किया गया। आयोजकों द्वारा अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त एवं सुचारू व्यवस्था नहीं की गई। न ही कार्यक्रम के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया। आयोजक मंडल से जुड़े लोग अव्यवस्था फैलाने के दोषी पाए गए हैं। आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया गया। स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास किया गया। सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध के आपस में मिलने की छूट दी गई। भारी भीड़ के दृष्टिगत यहां किसी प्रकार की बैरीकेडिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई गई थी और दुर्घटना घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटना स्थल से भाग गए।

**वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया**

**उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया गया। एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की। इसके आधार पर राज्य सरकार ने एसडीएम सिकन्दराराऊ, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिकन्दराराऊ, थानाध्यक्ष सिकन्दराराऊ, तहसीलदार सिकन्दराराऊ, चौकी इन्चार्ज कचौरा एवं चौकी इन्चार्ज पोरा को निलंबित कर दिया है। एसआईटी के मुताबिक आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली।**

### आकाशीय बिजली गिरने से झुलसे व्यक्तियों का हो निःशुल्क उपचार : कृष्णा

**भोपाल। एजेंसी**

पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने मंगलवार को एम्स में उपचाररत आकाशीय बिजली गिरने से झुलसे परिवार के सदस्यों से मिल कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।



उन्होंने सभी का बेहतर उपचार कराने और पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने को आश्वस्त किया। राज्यमंत्री गौर ने सोमवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से सतनामी नगर झुग्गी बस्ती पिपलानी के शैतान सिंह, सविता सिंह, सोनम और बालक अमन से एम्स के बर्न वार्ड में मिल कर उपचार के संबंध में बात कर जानकारी ली। राज्यमंत्री गौर ने शैतान सिंह से कहा कि परिवार के सभी सदस्यों का अच्छे से अच्छा उपचार करवाया जायगा। उपचार निःशुल्क करवाया जायगा। राज्यमंत्री गौर ने एम्स के बर्न वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक, डॉ. राहुल दुबेपुरिया से उपचार की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एम्स के चिकित्सकों से आकाशीय बिजली से झुलसे परिवार के सदस्यों का बेहतर उपचार करने के लिए कहा एम्स के बर्न वार्ड के आईसीयू में भर्ती शैतान सिंह ने राज्यमंत्री गौर को बताया कि सोमवार सुबह अचानक झुग्गी की छत की चादर टूट कर गिरी और उनके ऊपर आसमान से अंगारों की बारिश होने लगी।

इससे वह, उनकी पत्नी सविता, पुत्री सोनम और पुत्र अमन आग में झुलस गए। राज्यमंत्री गौर ने पीड़ित परिवार को 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता नियमानुसार देने के निर्देश एस.डी.एम. रवीश श्रीवास्तव को दिए।

### श्रावस्ती में बाढ़ के संकट के बीच जलशक्ति मंत्री का दौरा



**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश में राप्ती नदी के उफान पर आने के बाद गहराये संकट के बीच जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह दौरे पर निकले। स्वतंत्रदेव सिंह ने श्रावस्ती जनपद में राप्ती बैराज का निरीक्षण किया। बाढ़ के संकट के बीच मंत्री ने ग्रामीणों से वार्ता कर उनके लिए हर सम्भव सहायता करने की बात की। श्रावस्ती जनपद के भिनगा में राप्ती नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है।

दूसरे स्थानों पर भी बाढ़ का संकट है। जलशक्ति मंत्री के श्रावस्ती पहुंचने पर वहां सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने कटान पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कटान निरोधक कार्य की परियोजना पर स्वतंत्रदेव सिंह ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उससे जुड़े लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया। लोगों से जलशक्ति मंत्री ने विभाग के अच्छे प्रदर्शन की जानकारी दी। बाढ़ क्षेत्र में पहुंचने के बाद जलशक्ति मंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। राप्ती नदी में छोड़े गये पानी की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने मौके पर हालात की जानकारी को साझा किया। अधिकारियों से स्वतंत्रदेव सिंह ने हर स्थिति पर नजर बनाये रखने और कटान को रोकने के प्रयास पर जोर देने के निर्देश दिये।

### बैसाखियों के सहारे चल रही केंद्र सरकार जल्द ही गिर जाएगी : संजय

**जौनपुर। एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आआप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह सोमवार की रात्रि एक निजी कार्यक्रम में रिश्तेदार के यहां शामिल होने नगर के हुसैनाबाद पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बैसाखियों के सहारे केंद्र सरकार चल रही है, वह जल्द ही गिर जाएगी। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग इतने घमण्ड में चूर थे कि एक गाना बनाया था जो राम को लाएं हैं, हम उनको लायेंगे। इसके कारण प्रभु श्रीराम रुष्ट हो गए इसीलिए अयोध्या से लेकर जहां-जहां राम जी गए थे, वहां-वहां पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा की एक बार 13 दिन की सरकार थी। उसके बाद 13 महीने चली थी। इस बार छह महीने में चली जायेगी। अगर भाजपा के लोगों का यह घमंड



नहीं टूटा तो आने वाले समय में 240 की जगह 24 सीट पर पहुंच जाएगी।

संजय सिंह ने कहा कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है , जब हम लोग बेरोजगारी, महंगाई, सेना के जवानों समेत कई मुद्दों पर बात करना चाहते हैं तो माइक ही बंद कर दिया जाता है। हाथरस घटना पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि देश में जिस तरह से अंधविश्वास का विस्तार हो रहा है, कोई अपने आपको बाबा घोषित कर दे रहा है। कोई अपने आप भगवान तो कोई चमत्कारी घोषित कर रहा है। इस पर लगाम लगना चाहिए। बाबाओं के बाजार पर लगाम लगना चाहिए, इसे प्रतिबंधित करके कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है ताकि इस प्रकार की घटना दोबारा न हो सके।

### निरमंड विद्युत प्रोजेक्ट के प्रभावितों को नहीं मिल रहा न्याय : राकेश

**कुल्लू।** प्रदेश में विद्युत प्रोजेक्ट स्थापित हुए जिससे सरकार के लिए आए के साधन बने तो वहीं स्थानीय लोगों के लिए पीड़ा का कारण भी बने। बड़े दुख का विषय है कि जो कानून बने हैं उन्हें सरकार और सरकारी तंत्र लागू नहीं कर पा रहा है। हिमाचल किसान सभा द्वारा डीसी कुल्लू को एक मांग पत्र सौंपा गया और उसके बाद सीटू नेता राकेश सिंघा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बहुत ही दुखद है कि वर्ष 2019 में प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू हुआ और आज 2024 हो गया लेकिन अभी भी 132 परिवारों की भूमि इस प्रोजेक्ट में लगी लेकिन कानून होने के बावजूद उन्हें रोजगार नहीं मिला है। उन्होंने कहा हमने डीसी कुल्लू से मांग की है निवेदन किया है कि कानून का अमलीजामा सरकार और सरकारी तंत्र को करना है। सिंघा ने कहा निरमंड में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के इर्दगिर्द 7 पंचायतें है।

# वर्षा नहीं होने से पिछड़ रही खेती, किसानों को वर्षा का इंतजार

- वर्षा नहीं होने के कारण भू जल स्तर अभी तक गर्मी की तरह
- बोर पंप बंद होने से नर्सरी भी अब सिंचाई पानी के अभाव में सूखने लगा है

**धमतरी। एजेंसी**

समय पर वर्षा नहीं होने से धमतरी जिले में खोती-किसानी पिछड़ रही है। साधन संपन्न किसान मोटर पंप के सहारे धान की रोपाई कर रहे हैं। वर्षा के सहारे रहने वाले किसानों की धान फसल पानी के अभाव में अब पीले व लाल होने लगे हैं। कुछ किसानों की नर्सरी भी सिंचाई पानी के अभाव में सूखने लगी है। तीन से चार दिनों के भीतर अंचल में अच्छी वर्षा नहीं हुई, तो किसानों की फसल को काफी नुकसान होगा। आषाढ माह के 16 दिन परे हो चुके

**● अंचल में पर्याप्त बारिश नहीं होने से ऐसे किसानों की चिंता अब बढ़ गई है। इधर तेज धूप और उमस बना हुआ है**



हैं, लेकिन अंचल में संतोषप्रद वर्षा नहीं हुई है। इस साल पहली बार ऐसा स्थिति है कि बारिश सिर्फ 10 से 15 मिनट तक ही हो रही है, ऐसे में खेतों में पानी नहीं रूक रही है। जबकि आषाढ़ के अधिकांश दिन निकल चुके हैं। वर्षा की संभावना को लेकर बोता धान फसल वाले किसान अपने खेतों में बीज का छिड़काव कर चुके हैं। बीज धान का पौधा बन गया है। समय पर वर्षा नहीं होने की वजह से अब बोता धान के पौधे पीला होकर लाल होने लगा है।

समय रहते यदि वर्षा नहीं हुई तो तीन से चार दिनों के भीतर धान के पौधों पर खतरा मंडराएगा। अब किसानों के धान फसल को बारिश होने का इंतजार है, ताकि उनकी प्यास बुझ सके। जिले में 70 से 80 हजार हेक्टेयर पर किसान बोता फसल लेते हैं। नगरी व मगरलोड के 70 प्रतिशत किसान बोता पद्धति से खरीफ सीजन में धान फसल लेते हैं, जो पूरी तरह से मानसून पर निर्भर रहता है।

वहीं धमतरी व कुरूद के 60 प्रतिशत किसान भी बोता पद्धति से धान फसल लेते हैं। अंचल में पर्याप्त बारिश नहीं होने से ऐसे किसानों की चिंता अब बढ़ गई है। इधर तेज धूप और उमस बना हुआ है। 8 जुलाई को तापमान का पारा 32 डिग्री रहा। किसान बंशी साहू, पंकज साहू, अमृत लाल देवांगन समेत कई गांवों के किसानों के बोर पंप खरीफ सीजन के शुरूआती दौर में ही पूरी तरह से बंद हो चुका है। वर्षा नहीं होने के कारण भू जल स्तर अभी तक गर्मी की तरह ही है। बोर पंप बंद होने से नर्सरी भी अब सिंचाई पानी के अभाव में सूखने लगा है। ऐसे प्रभावित किसानों को अब धान फसल बचाने के लिए झमाझम वर्षा होने का इंतजार है।

# फ्रांस में किसी भी दल को बहुमत नहीं, वामपंथी गठबंधन सबसे आगे

**पेरिस। एजेंसी**

फ्रांस के संसदीय चुनाव में किसी पार्टी या गठबंधन को बहुमत नहीं मिलने से त्रिशंकु संसद बन गया है। हालांकि चुनाव में वामपंथी गठबंधन न्यू पापुलर फ्रंट (एनएफपी) ने सबसे अधिक सीटें जीतकर धुर दक्षिणपंथियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वहीं, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां का समय से पहले संसदीय चुनाव कराने का दांव उलटा पड़ गया। कुल 577 सीटों पर हुए चुनाव में वामपंथी गठबंधन एनएफपी 182, मैक्रां के मध्यमार्गी गठबंधन को 168 और मरीन ली पेन गठबंधन को 143 सीट मिली है। जबकि



बहुमत के लिए 289 का आंकड़ा जरूरी है। मतगणना में मैक्रां का मध्यमार्गी गठबंधन दूसरे और मरीन रैली व उसके सहयोगी तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले एग्जिट पोल में आश्चर्यजनक रूप से दक्षिणपंथियों की जगह वामपंथियों की बढ़त का अनुमान जताने के बाद पूरे फ्रांस में हिंसा भड़क गई। वीडियो फुटेज में नकाबपोश प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर दौड़ते, आग लगाते हुए और अशांति फैलाते देखा गया। चुनाव परिणामों के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल के इस्तीफे की पेशकश को राष्ट्रपति मैक्रों ने ठुकरा दिया, कहा-देश की स्थिरता के लिए वह स्थायी व्यवस्था होने तक पद पर बने रहें। फ्रांस में 30 जून को हुए पहले चरण के मतदान के बाद दक्षिण पंथी पार्टी नेशनल रैली आगे थी, लेकिन रविवार को दूसरे चरण के मतदान के बाद सोमवार को मतगणना में उभरी तस्वीर से आने वाले दिनों में राजनीतिक उठापठक का खतरा उत्पन्न हो गया है।

## एक नजर

### बंगाल वॉरियर्स ने पीकेएल 11 के लिए नए कोचिंग स्टाफ की घोषणा की



**कोलकाता।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के आगामी सीजन के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में वॉरियर्स ने आगामी सीजन के लिए प्रशांत सुर्वे और प्रवीण यादव को क्रमशः मुख्य कोच और सहायक कोच के रूप में नियुक्त किया है। प्रशांत सुर्वे के भास्करन की जगह लेंगे। प्रशांत सुर्वे पीकेएल सीजन 9 से ही सहायक कोच के रूप में बंगाल वॉरियर्स सेटअप का हिस्सा रहे हैं और मुख्य कोच की भूमिका में अपनी नई पदोन्नति के साथ वह अनुभवी के भास्करन की जगह लेते हुए प्रतिस्पर्धी टीम बनाने की कोशिश करेंगे। इस बीच, प्रवीण यादव, जो खुद एक पूर्व कबड्डी खिलाड़ी हैं, प्रशांत का समर्थन करेंगे, क्योंकि दोनों एक मजबूत दीर्घकालिक टीम बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं।

### किराये की राइफल से प्रैक्टिस करने वाली वंशिका नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित



**मुरादाबाद।** किराये की राइफल से अपनी तैयारी को धार दे रहीं मुरादाबाद के कांशीराम नगर निवासी शूटर वंशिका विश्नोई का चयन नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। उन्होंने दिल्ली की करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में पांचवां स्थान हासिल किया है। वंशिका ने 515 स्कोर किया। पिता राजीव विश्नोई ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश स्तरीय 50 मीटर एयर, स्मॉल बोर शूटिंग चैंपियनशिप में बेटी वंशिका ने बेहतरीन निशानेबाजी की। पिछले माह एक और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। बेहतरीन प्रदर्शन व नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित होने पर परिजनों ने घर लौटने पर मंगलवार को वंशिका का जोरदार स्वागत किया।

### नाइजीरिया की महिला फुटबॉल टीम ने शुरू की पेरिस 2024 की तैयारी



**अबुजा।** नाइजीरिया की महिला फुटबॉल टीम ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए प्रशिक्षण शिविर में तैयारी शुरू कर दी है। सिन्हुआ के अनुसार, सुपर फाल्कन्स के नाम से जानी जाने वाली टीम ने सेविला के पास जेरेज डे ला फ्रोंटेरा में अपना प्रशिक्षण शिविर खोला। नाइजीरिया फुटबॉल महासंघ के प्रवक्ता एडेमोला ओलाजिरे के अनुसार, सोमवार सुबह तक 18 में से 12 खिलाड़ी आ चुके थे। कप्तान रशीदत अजीबडे और पहली पसंद की गोलकीपर चियामाका नादोजी सहित प्रमुख खिलाड़ी पहले से ही शिविर में हैं। ओलाजिरे ने कहा कि सुपर फाल्कन्स ने बहुत उत्साह के साथ प्रशिक्षण शुरू किया। सुपर फाल्कन्स ने आखिरी बार 16 साल पहले बीजिंग खेलों में ओलंपिक में भाग लिया था। पेरिस ओलंपिक टूर्नामेंट के लिए अफ्रीकी चैंपियन को स्पेन, ब्राजील और जापान के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

### राइडर कप 2025 के लिए अमेरिका के कप्तान नियुक्त हुए कीगन ब्रैडली

**टोरंटो।** कीगन ब्रैडली को न्यूयॉर्क के बेथपेज ब्लैक में राइडर कप 2025 के लिए अमेरिका का कप्तान नियुक्त किया गया है, अमेरिका के पीजीए ने सोमवार को उक्त घोषणा की। ब्रैडली दो बार के मेजर चैंपियन जैक जॉनसन की जगह यूएस के कप्तान बनेंगे, जिन्हें पिछले द्विवार्षिक आयोजन के बाद काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, जहां उनकी टीम यूरोप के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही थी। पीजीए ऑफ अमेरिका के अध्यक्ष जॉन लिंडर्ट ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा हमें विश्वास है कि कीगन के नेतृत्व में, 2025 की यूएस राइडर कप टीम बेथपेज में उसी आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी, जिसने उनके करियर को परिभाषित किया है। टाइगर वुड्स, जिन्होंने 2002 में बेथपेज ब्लैक में अमेरिकी ओपन जीता था, कप्तान बनने के लिए प्रबल दावेदार थे, लेकिन वे गोल्फ कोर्स के बाहर व्यस्त रहे हैं।

## पेरिस ओलंपिक पीवी सिंधु और शरत कमल होंगे भारतीय ध्वजवाहक

# नारंग को मिली सीडीएम की भूमिका

- पीवी सिंधु 26 जुलाई को उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल की ध्वजवाहक होंगी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के शेफ-डी-मिशन (सीडीएम) होंगे, उन्होंने सोमवार को मैरी कॉम की जगह ली, जबकि शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल की महिला ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम के इस्तीफे के बाद 41 वर्षीय नारंग को डिप्टी सीडीएम के पद से पदोन्नत करना एक स्वतःस्फूर्त निर्णय था। पीटी उषा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं अपने दल का नेतृत्व करने के लिए एक ओलंपिक पदक विजेता की तलाश कर रही थी और मेरी युवा सहकर्मी मैरी कॉम के लिए एक उपयुक्त प्रतिस्थापन है।

छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने अप्रैल में अपने पद से इस्तीफा देते हुए कहा था कि उनके पास व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। इस साल मार्च में आईओए ने उन्हें सीडीएम नियुक्त किया था। शेफ-डी-मिशन एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद है क्योंकि वह भाग लेने वाले एथलीटों के कल्याण को सुनिश्चित करने, उनकी जरूरतों का ख्याल रखने और आयोजन समिति के साथ संपर्क करने के लिए जिम्मेदार है। आईओए ने यह भी घोषणा की कि लगातार दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की एकमात्र महिला एथलीट सिंधु 26 जुलाई को उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल की ध्वजवाहक होंगी, उनके साथ टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल भी होंगे।

उषा ने कहा मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की एकमात्र महिला पीवी सिंधु उद्घाटन समारोह में टेबल टेनिस खिलाड़ी ए शरत कमल के साथ महिला ध्वजवाहक होंगी।

आईओए ने मार्च में कमल को ध्वजवाहक नियुक्त किया था, लेकिन महिला एथलीट को चुनने के फैसले में देरी की।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2020 में अपने प्रोटोकॉल में बदलाव करते हुए ग्रीष्मकालीन खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रत्येक एनओसी के एक महिला और एक पुरुष एथलीट को संयुक्त रूप से ध्वज उठाने की अनुमति दी थी। टोक्यो ओलंपिक में मैरी कॉम और पूर्व हॉकी कप्तान मनप्रीत सिंह भारत के ध्वजवाहक थे। उषा ने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों के लिए 100 से अधिक एथलीटों ने क्वालीफाई किया है। दिलचस्प बात यह है कि पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता नारंग को शूटिंग रेंज में भारत के संचालन की देखरेख का काम सौंपा गया था, जो मुख्य स्थलों से बहुत दूर है।

भारत ओलंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा निशानेबाजी दल उतारेगा, जिसमें 21 खिलाड़ियों ने खेलों के लिए क्वालीफाई किया है। अब जबकि नारंग को सीडीएम की भूमिका के लिए चुन लिया गया है, आईओए को शूटिंग रेंज में उनका विकल्प ढूंढना होगा।

### प्रखर ने की शानदार गेंदबाजी, स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने पहुंचाया सेमी फाइनल में

**लखनऊ।** सूर्य प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब ने काल्पनिक क्रिकेट फाउंडेशन को सात रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी के गेंदबाज प्रखर सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 10 रन देकर चार विकेट झटके। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज भावेश प्रसाद सिंह ने 33 रन का योगदान दिया। वहीं पृथुल मेहता माता तीन रन बनाकर आउट हो गए। प्रतीक तिवारी ने 25 रन और हर्षजीत सिंह ने 24 रन का योगदान दिया। अमित वर्मा ने 14 रन बनाये। वहीं काल्पनिक क्रिकेट फाउंडेशन की टीम ने 129 रन बनाए और स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने सात रन से मैच जीत लिया। सम्यक त्रिवेदी ने अपनी टीम में सर्वाधिक 36 रन बनाये। हर्षित तिवारी ने 22 रन का योगदान दिया। दिव्या पुष्पा और आकाश गुप्ता ने 15-15 रन बनाये।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले वाइल्ड लाइफ टूर पर गई टीम इंडिया



**हरारे। एजेंसी**

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम और उनके परिवार व सहयोगी स्टाफ ने खेल से कुछ समय दूर रहते हुए यहां एक वन्यजीव अभ्यारण्य का दौरा किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल ने दौरे की तस्वीरें साझा कीं और पोस्ट को कैप्शन दिया, बीसीसीआई ने जिम्बाब्वे क्रिकेट और जिम्बाब्वे पर्यटन के साथ मिलकर हरारे में भारतीय क्रिकेट टीम और उनके परिवारों के लिए वाइल्ड लाइफ टूर का आयोजन किया।

संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को शामिल करके भारतीय टीम को सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए मजबूत किया जाएगा। ये तीनों खिलाड़ी अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के टी20 विश्व कप जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे। बारबाडोस से देरी से लौटने के कारण, बीसीसीआई ने पहले दो टी20 मैचों के लिए साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया था। सुदर्शन ने दूसरे मैच में अपना टी20 डेब्यू किया, लेकिन उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे पर 100 रनों की शानदार जीत दर्ज की और पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। मेजबान टीम ने सीरीज के पहले मैच में युवा टीम को हराया था। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीसरा टी20 मैच बुधवार, 10 जुलाई को हरारे में खेला जाएगा।

### बैडमिंटन प्रोस अकादमी का शुभारंभ

**मुंबई।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय शटलर साइना नेहवाल ने यहां बाइकुला के मोंटे साउथ में बैडमिंटन प्रोस अकादमी शुरू की है। 12.5 एकड़ के मोंटे साउथ परिसर में स्थित बैडमिंटन प्रोस अकादमी और पे-टू-प्ले खेल सुविधा का प्रबंधन अग्रणी खेल ऑपरेटर हॉटफुट स्पोर्ट्स द्वारा किया जाएगा और इसमें दो बैडमिंटन कोर्ट होंगे। अदानी रियल्टी और मैराथन समूह ने मोंटे साउथ में साइना नेहवाल द्वारा संचालित बैडमिंटन प्रोस अकादमी के नवीनतम संस्करण के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। अकादमी अग्रणी, प्रमाणित प्रशिक्षकों से सभी स्तरों के खिलाड़ियों के लिए विशेषज्ञ कोचिंग प्रदान करेगी। साइना ने कहा कि उनका सपना युवा प्रतिभाओं को पनपते और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते देखना है, और बैडमिंटन प्रोस अकादमी उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने एक बयान में कहा मैं मोंटे साउथ में बैडमिंटन प्रोस अकादमी शुरू करके बहुत खुश हूँ। यह सुविधा शीर्ष स्तर की ट्रेनिंग देने और अगली पीढ़ी के बैडमिंटन सितारों को तैयार करने के लिए बनाई गई है।

## होल्गर रून को हराकर 15वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच



**लंदन। एजेंसी**

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को डेनमार्क के होल्गर रून को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर 15वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने रून को करारा झटका दिया और लगातार 12 अंक लेकर शुरूआती सेट में 3-0 की बढ़त बना ली। 21 वर्षीय रून सात बार के विंबलडन चैंपियन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने खेल को मुश्किल से बढ़ा पाए और पिछले साल की तरह ऑल इंग्लैंड क्लब में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में असफल रहे। जीत के बाद 37 वर्षीय जोकोविच ने कहा मुझे नहीं लगता कि होल्गर ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी खेला। उनके लिए यह कठिन शुरूआत थी। इससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गए। अगले दौर में जोकोविच का सामना एलेक्स डी मिनौर से होगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिनौर ने फ्रांस के आर्थर फि ल्स को 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 से हराया। एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी दिग्गज टेलर फि ट्ज ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7(4), 6-4, 7-6(3), 6-3 से हराया। महिला एकल में, पिछले साल की सेमीफाइनलिस्ट यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना चीन की वांग ज़िन्यू को एक घंटे के भीतर 6-2, 6-1 से हराया।

## क्रिकेट : डेविड वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि की



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास की पुष्टि करते हुए, डेविड वार्नर ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए वापसी का रास्ता खुला रखा है। वार्नर ने पिछले साल कई बार अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा की। उन्होंने दिसंबर 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की रेड-बॉल सीरीज समाप्त होने के बाद टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया। उन्होंने पिछले साल भारत में अपने रिकॉर्ड-विस्तार वाले छठे वनडे विश्व कप के बाद 50 ओवर के प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। पिछले महीने, बैगी ग्रीन्स के सुपर 8 चरण में टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद उनका छोटे प्रारूप में भी अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया। हालांकि, वार्नर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए खुद को उपलब्ध रखा, जो फरवरी में पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मैं कुछ समय तक फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा और अगर मुझे चुना जाता है तो मैं चैंपियंस ट्रॉफी में (ऑस्ट्रेलिया) में खेलने के लिए भी तैयार हूं। जनवरी में, ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने आगामी मार्की इवेंट के लिए वार्नर की वापसी की संभावना पर अपनी राय दी। उनका मानना है कि अब समय आ गया है कि अन्य खिलाड़ियों को मौका दिया जाए और उन्हें 50 ओवर के प्रारूप में खेलने का मौका दिया जाए।

उन्होंने जनवरी में कहा था, मुझे लगता है कि शायद कुछ अन्य खिलाड़ियों को वनडे में मौका देने का समय आ गया है, लेकिन यह जानते हुए कि वह अभी भी क्रिकेट खेल रहे हैं। इसलिए यह आपातकालीन विकल्प में कांच तोड़ने जैसा हो सकता है। लेकिन, आप जानते हैं, डेविड दुनिया में कहीं न कहीं रन बना रहे होंगे। इसलिए आप कभी नहीं जान सकते कि यह अंत है। भले ही वार्नर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में संभावित वापसी के लिए दरवाजा खुला छोड़ दिया है, लेकिन उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास की पुष्टि की है। वार्नर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, अध्याय समाप्त!! इतने लंबे समय तक उच्चतम स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। ऑस्ट्रेलिया मेरी टीम थी। मेरे करियर का अधिकांश हिस्सा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रहा। ऐसा कर पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। सभी प्रारूपों में 100 से अधिक मैच मेरा मुख्य आकर्षण है।

## वाणिज्य

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद की वजह से अमेरिकी बाजार में लगातार उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी उत्साह की वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ पिछले सत्र के दौरान 5,572.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.28 प्रतिशत उछल कर 18,403.74 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,409.78 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के उलट यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,193.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सीएसी इंडेक्स ने 0.63 प्रतिशत टूट कर 7,627.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 18,472.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी




**नई दिल्ली। एजेंसी**

सोमवार को गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में तेजी नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद से ही बीच बीच में बिकवाली का झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद शेयर बाजार के दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बने रहे। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से मारुति सुजुकी, आईटीसी, ओएनजीसी, हीरो मोटोकॉर्प और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 4.10 प्रतिशत से लेकर 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीपीसीएल, टाइटन कंपनी, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, अपोलो हॉस्पिटल और सिप्ला के शेयर 3.05 प्रतिशत से लेकर 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,239 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

इनमें से 1,357 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 882 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 146.83 अंक की तेजी के साथ 80,107.21 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 80,213.38 अंक के स्तर तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव पड़ने पर इसने 79,998.56 अंक तक गोता भी लगाया। बिकवाली के झटकों के बावजूद पहले घंटे के कारोबार में ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बना रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 227.51 अंक की बढ़त के साथ 80,187.89 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 30.45 अंक की उछाल के साथ 24,351 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई। इस वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,385.55 अंक तक पहुंचा। जबकि बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक 24,331.90 अंक तक लुढ़क गया।

### सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना लगातार दूसरे दिन सस्ता हुआ है। वहीं चांदी की कीमत में आज तेजी नजर आ रही है। सोने के भाव में गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,720 रुपये से लेकर 73,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज चेन्नई के अलावा दूसरे सराफा बाजारों में 67,590 रुपये से लेकर 67,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 74 हजार रुपये के स्तर के ऊपर बना हुआ है। इसी तरह चेन्नई में 22 कैरेट सोना भी 67 हजार रुपये के स्तर के काफी करीब है। सोने के उलट चांदी आज महंगा हुआ है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 95,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**नई दिल्ली।** दुनिया के बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.22 डॉलर यानी 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ 85.53 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.24 डॉलर यानी 0.29 फीसदी लुढ़ककर 82.09 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोरखधंधा को लेकर नाथ समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)** योगी विकाश समिति भरतपुर ने जिला अध्यक्ष योगेंद्र फौजी के नेतृत्व में गोरखधंधा को लेकर 11 सूत्री मांगों को लेकर भरतपुर जिला कलेक्टर अमित यादव को राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि नाथ, योगी, जोगी जाति एक अत्यंत पिछड़ी जाति है राजस्थान में इस जाति की जनसंख्या लगभग 25 लाख है। जिसको लेकर नाथ समाज ने तहसील स्तर पर छात्रावास निर्माण के लिए समाज को सरकारी जमीन उपलब्ध कराया जाए। विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजनों लिए इस समाज को नि शुल्क जमीन उपलब्ध कराया। प्रत्येक मुख्यालय चौराहों को गोरखधंधा रखा जाए। किसी एयरपोर्ट का नाम हमारे संत गुरु गोरखधंधा के नाम रखा जाए। हाइवे एवं विश्वविद्यालय का नाम हमारे गुरु गोरखनाथ के नाम रखा जाए। राजस्थान में इस समाज के लिए राजनैतिक भागेदारी सुनिश्चित की जाए। इस समाज के छात्रों के लिए छात्रवृति उपलब्ध कराई जाए।

### बेटी बचाओ को समर्पित नाटक लाडली 28 जुलाई को, पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा ने किया पोस्टर विमोचन



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** विख्यात समाजसेवी संस्थान साईनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट और कंडेरा मूवी एवम थिएटर द्वारा जयपुर के रविंद्र मंच पर 28 जुलाई को बेटी बचाओ की थीम को समर्पित नाटक लाडली का मंचन किया जायेगा। टीम साईनाथ ट्रस्ट के सरक्षक और पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा ने आज नाटक के पोस्टर का विमोचन करते हुए लेखक निर्देशक प्रेम सिंह कंडेरा को ज्वलंत एवम गंभीर विषय पर प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दी। पोस्टर विमोचन के अवसर पर उपस्थित नाटक के सभी अभिनेता और टीम साईनाथ ट्रस्ट के आलोक गुप्ता, बसंत जैन और नितिन शारदा भगेरिया को राजीव अरोड़ा ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा जयपुर ने रंग मंच के एक से बढ़कर एक बॉलीवुड अभिनेता दिए है। राजीव अरोड़ा ने बताया टीम साईनाथ ट्रस्ट ने 28 जून से रविंद्र मंच पर नाट्य एवम अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला भी शुरू की है जिसमे सभी वर्ग के विद्यार्थियों को अभिनय एवम नाट्य कला का प्रशिक्षण दिया जायेगा एवम उनकी अभिनय क्षमता को निखारा जायेगा।

### हॉकी इंडिया के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत




**चमकता राजस्थान/सत्यनारायण पारीक।** अजमेर मंगलवार को दोपहर 3 बजे हॉकी इंडिया के राजस्थान संघ प्रदेशाध्यक्ष अरुण सारस्वत का फूलिया कलां पधारने पर ग्राम पंचायत भवन में स्वागत किया गया। रतनदीप हॉकी क्लब के सदस्यों एवं हॉकी कोच जसवंत राव के नेतृत्व में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। जसवंत राव ने बताया कि सारस्वत को फूलिया कलां में भामाशाह द्वारा निर्माणाधीन विद्यालय भवन और ऐस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निरीक्षण करवाया गया, जिसकी उन्होंने काफी सराहना की एवं भविष्य में उपयुक्त सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान रतनदीप हॉकी क्लब फूलिया कलां के अध्यक्ष कैलाश चन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश वैष्णव, सचिव शाबिर अली कायमखानी, शाबिर हुसैन उस्ता, ओमप्रकाश सेन, प्रहलाद सरुडिया, नेपाल गोस्वामी, अमजद मंसूरी, राकेश रेगर व अन्य हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# आईएचएफ हैंडबॉल ट्रॉफी यूथ व जूनियर आज से जयपुर में

## भारतीय जूनियर टीम के कोच प्रियदीप सिंह होंगे, जबकि हेड ऑफ़ डेलीगेशन यश प्रताप सिंह होंगे

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 9 जुलाई।** गुलाबी नगरी में कई अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सफल आयोजन के बाद अब पुरुषों की आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में 10 से 14 जुलाई तक किया जायेगा। टूर्नामेंट में भारत सहित चार देशो के बीच चैम्पियन बनने की होड़ मचेगी।

मंगलवार को भारतीय यूथ व जूनियर टीम की घोषणा कर दी गई। इसमें यूथ टीम की कप्तानी रवि को तथा जूनियर टीम की कमान राजस्थान के जसप्रीत को दी गई है। भारतीय यूथ टीम में राजस्थान के कृतवर्य प्रताप सिंह व महेंद्र पाल सिंह है जबकि जूनियर टीम में जसप्रीत, नयन शेखावत व विशाल है। भारतीय जूनियर टीम के कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के हैंडबॉल प्रियदीप सिंह खंगारोत होंगे, जबकि हेड ऑफ़ डेलीगेशन राज्य हैंडबॉल के मानद सचिव यश प्रताप सिंह को बनाया गया है।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पांडे तथा कुवैत व कतर से अंतरराष्ट्रीय रेफ़रीज़ भी जयपुर पहुँच गये है।



हैंडबॉल एसोसिएशन, इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह ने बताया कि आईएचएफ ट्रॉफी डेडबॉल चैम्पियनशिप में अंडर-18 यूथ और अंडर-20 जूनियर वर्ग में एशिया के जोन द्वितीय चरण के मुकाबले होंगे। भारत के अलावा चैम्पियनशिप में नेपाल, बाग्लादेश और मालदीव की टीमे भाग ले रही है। अंडर-18 यूथ का फाइनल मैच 14 जुलाई को सांय 4 बजे होगा जबकि अंडर-20 जूनियर वर्ग का खिताबी मुकाबला रविवार को 6 बजे इंडोर स्टेडियम में खेला जायेगा।

डा. तेजराज सिंह ने बताया कि चैम्पियनशिप में कुल 16 मैच खेले जायेगे। दोनों आयु वर्गों में 6-6 लीग मैच होंगे, इसके अलावा दो मैच तीसरे चौथे स्थान के तथा दो फाइनल खेले जायेंगे। उन्होंने बताया कि सभी टीमें मंगलवार को जयपुर पहुच गई है। तैयारिया पूरी कर ली गई है। इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच के लिए टैरा फ्लेक्स बिछा दिया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में टैरा फ्लेक्स पर ही मैच खेले जाते है।

### भारत का पहला मैच बाग्लादेश से

भारत अंडर-18 यूथ वर्ग में अपना अभियान बाग्लादेश के खिलाफ बुधवार को सांय 6 बजे से शुरू होने वाले मैच से करेगी जबकि जूनियर टीम रात्रि 8 बजे बाग्लादेश के ख़िलाफ़ अपना पहला मैच खेलेगी। वैसे चैम्पियनशिप का उद्धघाटन मैच 10 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे मालदीव और नेपाल के बीच होने वाले मैच से होगा। उन्होंने बताया कि पहले तीन दिनों तक चार-चार मैच खेले जायेगे। जबकि 13 जुलाई को हाडलाईन मैच खेले जायेगे और फिर फाइनल 14 जुलाई को होंगे।

**● मंगलवार को खेले जाने वाले मैचः-**

**दोपहर 2 बजे**

मालदीव बनाम नेपाल (यूथ)

**शाम 4 बजे**

मालदीव बनाम नेपाल (जूनियर)

**शाम 6 बजे**

भारत बनाम बांग्लादेश मालदीव बनाम नेपाल (यूथ)

**शाम 8 बजे**

भारत बनाम बांग्लादेश मालदीव बनाम नेपाल (जूनियर)

**भारतीय यूथ टीमः-**

सुयश अवस्थी, सूरज गोतम, परवीन गील, जस्मीत, नवदीप, पीयुष सिंह, प्रवेश, राहुल, रवि, रोहित, रोहित, कृतवर्य प्रताप सिंह, महेन्द्र पाल सिंह, मनीष यादव। **कोचः-** राकेश सोलंकी व मोहम्मद तौहीद।

**भारतीय जूनियर टीमः-**

अन्शु, सचिन बनोथ, शशिकान्त विकास जाधव, जसप्रीत सिंह, करण, मोहित, ज्ञान गौरव प्रकाश, राहुल, रजनीश कुमार, कार्तिकेन रवि, ऋषभ, नयन शेखावत, विशाल सुथार, मानवेन्द्र यादव। **कोचः-** अनूप कसवां व प्रियदीप सिंह खंगारोत। हेड ऑफ़ डेलीगेशनः यश प्रताप सिंह।

# 15 अगस्त से शुरू होगा हीरापुरा बस टर्मिनल पर बसों का संचालन

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 9 जुलाई।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं राजस्थान राज्य बस टर्मिनल विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती श्रेया गुहा ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए 15 अगस्त से अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल से बसों का संचालन शुरू करने के लिए सभी आवश्यक इंतज़ाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही उन्होंने जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएल) के अधिकारियों को शहर के विभिन्न हिस्सों से हीरापुरा के लिए अपनी सिटी ट्रांसपोर्ट सेवाओं के विस्तार के भी निर्देश दिये।



श्रीमती गुहा मंगलवार को परिवहन मुख्यालय पर हीरापुरा बस टर्मिनल के संचालन को लेकर यातायात पुलिस, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड(जेसीटीएल), परिवहन, रोडवेज के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने इस संबंध में सभी हितधारक विभागों से तैयार रोडमैप पर कार्य कर सभी जरुरी मूलभूत इंतज़ाम करने के भी निर्देश दिये। श्रीमती गुहा ने कहा कि जेडीए यात्रियों की सुविधा और बसों के संचालन के लिए टिकिट विंडो, छाया के लिए शेड, पेयजल एवं शोचालयों सहित सभी बुनियादी सुविधाएं तय समय में विकसित करें।

उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त से सिंधीकैम्प से अजमेर जाने वाली रोडवेज की 25 प्रतिशत बसें हीरापुरा बस टर्मिनल होते हुए अजमेर के लिये संचालित होगी। यह सभी बसें सिंधी कैम्प से चलकर हीरापुरा बस टर्मिनल होते हुए अजमेर जाएगी। इसके साथ ही इस मार्ग पर संचालित होने वाली सभी स्टेट कैरीज एवं लोकपरिवहन सेवा की बसों का संचालन भी हीरापुरा बस टर्मिनल से ही किया जाएगा। श्रीमती गुहा ने बताया कि इससे सिंधीकैम्प पर भीड़भाड़ की स्थिति में कमी आयेगी साथ ही आमजन को जाम की समस्या से भी निजात मिल सकेगी।

इस अवसर पर परिवहन आयुक्त डॉ मनीषा अरोड़ा, जेसीटीएल के प्रबंध निदेशक रामावतार मीना, पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सागर, सहित रोडवेज और जेडीए के अधिकारी मौजूद रहें।

### चौफुल्या पर पेड़ लगाकर लिया पर्यावरण बचाने का संकल्प



**चमकता राजस्थान /उदयपुरवाटी/ ( सुमेर सिंह राव )।** किसान सभा अध्यक्ष नथूराम ने उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र में गिरते भूजल को पुन जीवित करने व पर्यावरण को बचाने वास्ते हर ग्राम स्तर पर जाकर हर किसान मजदूर मैं पर्यावरण बचाने का संकल लेंगे ' चौफुल्या पर किसान सभा अध्यक्ष नथूराम ने कहां की अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है ' किसान सभा अध्यक्ष नथूराम ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर लोगों को धरती का श्रृंगार करना चाहिए ' इस दौरान किसान सभा अध्यक्ष नथूराम,सरदराराम ,मोहर सिंह, बाबूलाल , हर्षाराम, जीतू राम, रतन शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे '

# बाड़ी शहर के हाईवे को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग का हाल बेहाल नगर पालिका और राज्य सरकार ने दिया था ! गौरव पथ का नाम

चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण) बाड़ी नगर पालिका की अनदेखी के चलते शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया से लेकर हाईवे तक का गौरव पथ बदहाली का शिकार बना हुआ है। इस पथ पर जहां गोबर के ढेर लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर पेयजल पाइप लाइन औए सीवर लाइन की खुदाई के कारण पूरा रोड गड्ढेनुमा हो गया है। नियमित साफ-सफाई के अभाव औए सड़क की दोनों साइड लगे गोबर के ढेरों ने इस गौरव पथ को गोबर पथ बना दिया है।

पूर्ववर्ती सरकार ने शहर में सौंदर्याकरण और सुलभ आगमन के लिए गौरव पथ के निर्माण कराए थे, जिसके तहत बाड़ी में कायस्थ पाड़ा पुलिया से लेकर कसौटी खेड़ा रोड की ओर नेशनल हाईवे 11 बी तक करोड़ों की लागत से गौरव पथ का निर्माण कराया था! जिसमें पैदल राहगीरों के लिए सड़क के दोनों साइड खरंजे और गंदे पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण कराया था, साथ ही रोशनी के लिए रोड लाइट के पोल भी लगे थे! लेकिन नगर पालिका और प्रशासन की अनदेखी और लापरवाह रवैया के कारण अब यह गौरव पथ, गोबर पथ बना दिया है



इस गौरव पथ पर लोगों ने अतिक्रमण कर बड़ी संख्या में गोबर के ढेर लगा दिए हैं। जिसके कारण यह रोड संकुचित होकर रह गया है। इस रोड के सहारे निकल रहा गुहरा नाला भी साफ- सफाई के कारण गंदगी से अटा पड़ा हुआ है। यहां तक सफाई कर्मचारी भी यहां गंदगी और कूड़े के ढेर डालकर इस गौरव पथ को बदहाल करने में लगे हुए हैं। निर्माण के दौरान सवालों के घेरे में आए गौरव पथ के निर्माण कार्य में धांधली बरती गई जिसके कारण दोनो साइड के खरंजे कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हो गए। ऊपर से पेयजल पाइप लाइन की योजना ने इस गौरव पथ को उधेड़ कर इसके गौरव को नेस्तनाबूद कर दिया। जिसकी दो साल से अधिक होने पर भी मरम्मत नहीं हो सकी है। कोढ़ में खाज तो जब हो गई तब नई योजना सीवर लाइन के नाम पर इस गौरव पथ को खोदकर डाल दिया गया। जो लगभग 6 माह से खुदी डली हुई है। विभिन्न खुदाई योजना से जर्जर गौरव पथ आज गोबर और गंदगीनुमा कीचड़ से अटा पड़ा है। जिसकी कोई सुध लेने वाला कोई नहीं है। वार्ड 25 के पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा हरदेनिया का कहना है की इस गौरव पथ और नाले की साफ सफाई को लेकर नगर पालिका और प्रशासन को कई बार अवगत करा चुके है, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया है!जबकि हाईवे से लिंक होने के कारण बाड़ी धौलपुर आवागमन का यह मुख्य मार्ग हो गया है। जहां ट्रेफिक भी बड़ी संख्या में आवागमन करता है। क्या कहते है जिम्मेदार जब इस बाबत सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि पहले भी गोबर के ढेरो को उठवाया है! फिर से नोटिस कार्यवाही कर उनको उठाया जायेगा। सफाई निरीक्षक की बातो और सफाई व्यवस्था पर पर लोगो ने प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि बार बार सरकारी रास्ते पर यह गोबर के ढेर लगाकर रास्ते को संकुचित करने वालो को नोटिस किस बात का। ठोस कार्यवाही क्यों नहीं, इसी लचर व्यवस्था का यह अतिक्रमणकारी फायदा उठाते है! और आवागमन करने वालों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929